पाक्षिक
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 15 ◆ रायपुर 05 फरवरी 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया अंतरिम बजट

## मध्यम वर्ग को मिलेगा सस्ता घर, 3 करोड़ दीदियां बनाई जाएंगी लखपति

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने नई संसद में अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट के तौर पर साल 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करते हुए मोदी सरकार के पांच साल की उपलब्धियां गिनाने के साथ कई बड़ी लोकलुभावन घोषणाएं भी की.




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में तीन-महीने तक खर्च होने वाली राशि का लेखा-जोखा है. पूर्ण बजट आम चुनाव के बाद आएगा.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है. 44.90 करोड़ रुपए का खर्च है और 30 लाख करोड़ का रेवन्यू आने का अनुमान है. 10 साल में इनकम टैक्स कलेक्शन तीन गुना बढ़ गया है. मैंने टैक्स रेट में कटौती की है. 7 लाख की आय वालों को कोई कर देय नहीं है. 2025-2026 तक घाटा को और कम करेंगे.

### सभी को मिलेगा पक्का मकान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, सभी को पक्का मकान मुहैया करवाया जाएगा. स्किल इंडिया में 1.47 करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया है. पीएम मत्स्य संपदा योजना को बढ़ाया जाएगा. मत्स्य उत्पादन दोगुना हो गया है. पीएम मोदी ने जय अनुसंधान का नारा दिया है. इसे साकार करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

### तीन नए रेल कॉरिडोर किए जाएंगे शुरू

4 साल में आर्थिक विकास में तेजी आई है. युवा शक्ति प्रौद्योगिकी योजना बनाएंगे. तीन रेल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे. यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार किया जाएगा. पीएम गति शक्ति योजना में काम तेज किया जाएगा. माला-भाड़ा परियोजना को भी विकसित किया जाएगा. 40 हजार नॉर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा. हवाई अड्डों की संख्या बढ़ गई है. विमानन कंपनियां एक हजार विमानों का ऑर्डर देकर आगे बढ़ रही हैं.

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा 11 फीसदी ज्यादा खर्च

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बायोफ्यूल के लिए समर्पित योजना लाए हैं. पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ई-वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे. रेलवे-समुद्र मार्ग को भी जोड़ने पर जोर रहेगा. पर्यटन केंद्रों के विकास में तेजी लाएंगे. पर्यटन सेक्टर में विकास तेज हो रहा है. राज्यों को ब्याजमुक्त कर्ज दिया जा रहा है।

## आईपीएस राहुल भगत बनाए गए सीएम विष्णुदेव साय के सचिव


### जीएडी ने जारी किया आदेश..



**रायपुर ।** आईपीएस राहुल भगत को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सचिव नियुक्त किया गया है। 2005 बैच के आईपीएस भगत अभी नवगठित राजनांदगांव पुलिस रेंज के आईजी हैं। सीएम के वे तीसरे सचिव होंगे। प्रदेश में पहली बार किसी आईपीएस को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। आईपीएस राहुल भगत को सीएम साय का भरोसेमंद अफसर माना जाता है। आईपीएस राहुल चूकि उनके केंद्र में मंत्री रहने के दौरान पीएस रहे हैं, ऐसे में जाहिर हैं छत्तीसगढ़ में नए सीएम का सबसे करीबी और विश्वस्त कोई अफसर होगा, तो वे राहुल भगत होंगे। केंदीय मंत्री के पर्सनल सेक्रेट्री हमेशा मंत्री के साथ रहते हैं। वे मंत्रालय में रहे, संसद में या दौरे पर, पीएस उनके साथ होते हैं। मंत्री का पूरा कार्यक्रम पीएस ही फाइनल करते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि नए सीएम का राहुल भगत से कैसी बॉन्डिंग होगी।

## लालकृष्ण आडवाणी को मिला 'भारत रत्न' पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया एलान

नई दिल्ली। भारत सरकार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान किया है. इस बात की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी.




प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पर पोस्ट कर कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी. हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है.

उन्होंने कहा कि उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है. उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई. उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं।

### भारत रत्न' एलके आडवाणी को मिल रही बधाइयां

#### मुख्यमंत्री साय, विस अध्यक्ष रमन सिंह के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कही यह बात



लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' प्रदान किए जाने घोषणा के साथ बधाई और शुभकामनाएं देने का क्रम शुरू हो गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने बधाई दी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पर किए अपने पोस्ट में कहा कि भारतीय राजनीति के दैदीप्यमान नक्षत्र, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा से मन अत्यंत प्रसन्न है. राजनैतिक क्षेत्र में आपकी गंभीरता एवं दूरदृष्टि से कई विकासपरक कार्य संपादित हुए हैं. सामाजिक क्षेत्रों में आपका योगदान अतुलनीय है. डॉ. रमन सिंह ने ङ्ग में किए अपने पोस्ट में कहा कि भारत की अस्मिता और भारतीय चेतना को जागृत करने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान व्यक्तित्व और हम सभी के आदर्श लाल कृष्ण आडवानी को राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा स्वागत योग्य है. उनके कार्य और विचार हम सभी को राष्ट्रसेवा हेतु प्रेरित करते हैं, माँ भारती के समर्पित सपूत आडवानी इस सम्मान के सच्चे अधिकारी हैं. वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने भी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी है. उन्होंने पार्टी को खड़ा करने में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न मिलने पर छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश मे खुशी का माहौल है. देश को ऊंचाई तक ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है.

# राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा पर दीपोत्सव भाजपा ने बांटे दीपक






**रायपुर।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर पूरे देश में उत्सव मनाने की तैयारी जोरों पर है भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मंदिर से जुड़े विभिन्न आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भागीदारी ले रहे हैं इसी संदर्भ रायपुर जिला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आज राजधानी रायपुर के हृदय स्थल पर जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आम जनता को सर्वप्रथम भगवा ध्वज वितरण किया गया एवं साथ ही हर घर दीपावली की तर्ज पर दीपक जलाने हेतु दीपक की सामग्री वितरण किया गया एक डब्बे के अंदर 5 मिट्टी के दीपक , तेल एवं बाती भरकर उसका वितरण किया गया तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जहां रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी , सरगुजा प्रभारी संजय श्रीवास्तव , प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा की उपस्थिति में दीपक सामग्री वितरण की गई राम लला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव से जुड़े समस्त कार्यक्रम में भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता हर्षोल्लास से ओतप्रोत होकर जन भागीदारी के साथ विभिन्न आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं जिसमे मंदिर प्रांगण स्वछता अभियान , दीपोत्सव हेतु सामग्री वितरण , प्रभात फेरी , भजन कीर्तन का आयोजन प्रमुखता से शामिल है आम जन मानस भी राम मंदिर संबंधित आयोजनों में बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी दे रहा है ।

लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने कहा की यह अद्भुत अवसर हम सभी को सौभाग्य से मिला है राम काज में हर भारतीय को अपना पूर्ण योगदान देना चाहिए जिस प्रकार रामायण में गिलहरी के योगदान की भी महत्ता है उसी तरह मंदिर निर्माण से संबंधित प्रत्येक योगदान कालांतर तक याद रखा जायेगा ।

इस अवसर पर रायपुर शहर जिला अध्यक्ष ने कहा की रायपुर शहर ही नही अपितु पूरे देश में 22 जनवरी को दीपोत्सव का आयोजन किया गया हर घर दीपक जलाए जिस हेतु हमारे द्वारा आम जनमानस के बीच पहुंचकर दीपक की सामग्री वितरित की गई इस दौरान जनता का जुड़ाव और प्रतिसाद अतुलनीय था इस ऐतिहासिक पर्व में हर सनातनी अपनी भागीदारी दे रहा है ।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित निर्मित प्रकल्प श्री राम मंदिर दर्शन प्रकल्प के जिला संयोजक आशु चंद्रवंशी ने कहा की विभिन्न कार्यक्रमों के उपलक्ष में अनवरत जनता के बीच जाना होता रहा और जनता द्वारा मिल रहे स्नेह और भाव को देखकर हम स्वयं भी भाव विभोर हैं पूरे सप्ताह हमने मंडल अध्यक्षों के सहयोग से लगभग 250 मंदिरों में सफलता पूर्वक स्वच्छता अभियान चलाया जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया सहित विभिन्न मंत्रियों एवं प्रदेश के नेताओं ने श्रम दान किया । रायपुर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक में दीपक सामग्री वितरण कार्यक्रम में विशेष रूप से रायपुर सांसद सुनील सोनी , प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा , प्रदेश प्रवक्ता नलीनेश ठोकने, जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, राजीव अग्रवाल,रमेश सिंह ठाकुर, सत्यम दुवा, शैलेंद्री परगनिया, मनीषा चंद्राकर, गोपी साहू, अकबर अली, हरीश सिंह ठाकुर, सोनू सलूजा, अमित मैशरी, राहुल राय, वंदना राठौड़, गज्जू साहू, अनूप खेलकर, अर्पित सूर्यवंशी, अनीता महानंद, वर्धमान सुराना, राम प्रजापति, अश्वनी विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम देवांगन, सतीश छुगानी सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# विभिन्न शालाओं में मनाया गया वार्षिक उत्सव विधायक इन्द्र साव हुए शामिल



**भाटापारा**- स्थानीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मातादेवालय, शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाई स्कूल टोनाटार,शासकीय हाई स्कूल पासीद एवं मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज के डॉ. खुबचंद बघेल शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ हाई स्कूल देवरी मे आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए।शालाओं के बच्चों द्वारा दी गई आकर्षक प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर बच्चों,अभिभावकों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए,साव ने कहा की शिक्षा के साथ बच्चे खेल एवं व्यायाम से अपने शरीर को तंदुरूस्त रखे और परीक्षा के समय तनाव मुक्त हो अपनी तैयारी जारी रखें। इसी अवसर पर,साव ने दलगत राजनीति से हटकर, ग्रामीण विकास करने की बात कही।

उपरोक्त कार्यक्रम में ईश्वर सिंह ठाकुर,राजकुमार शर्मा,सीरीज जागड़े नानू सोनी चैतन्य दीपक वर्मा सर्वश्री आर.सी. वर्मा, डॉ. के.के. नायक,लाला साहू,कोमल कोमल सहित ग्राम के पंच सरपंच उपस्थित थे।

भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने शहीद धनंजय वर्मा हाई स्कूल टोनाटार के स्कूल के उन्नयन हेतु रंगमंच निर्माण, अतिरिक्त भवन निर्माण व शौचालय निर्माण विधायक निधि से करवाने की घोषणा की। वहीं स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ हाई स्कूल देवरी के उन्नयन की घोषणा भी की। जिस पर उपस्थित जन समुदाय ने हर्ष व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री की गारंटी के अनुरूप बजट - संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते बजट को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप बताया है। उन्होंने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि पांच वर्ष में दो करोड़ घर, पांच साल तक आठ करोड़ जनता को मुफ्त राशन, घरों को सोलर एनर्जी से रोशन करने की योजना और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना भविष्य के भारत की सोच है। मछुआरों की वित्तीय स्थिति में सुधार गरीबो की चिंता है । युवा, महिला,गरीब और किसानो को केन्द्रित कर तैयार किया गया बजट, गरीब और माध्यम वर्ग का विकास करेगा । यह बजट आगामी पूर्ण कालिक बजट का प्रतिबिम्ब है जो अतुलनीय है। जिसमें तीन करोड़ लाभान्वित दीदियाँ भी होंगी। गरीबों और देश की अधोसंरचना, सुरक्षा को समर्पित बजट के लिए सांसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है।



# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शिवरतन ने की पूजा अर्चना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में भी जश्न का माहौल रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने भी नगर के विभिन्न स्थानों मंदिरों में पहुच कर राम जी की पूजा अर्चना कर सभी के सुख: समृद्धि के लिए कामना की। शिवरतन शर्मा ने चर्चा में बताया कि आज सनातन के लिये अद्भुत दिन है जीवन धन्य हो गया अयोध्या में भगवान दिव्य भव्य मंदिर में विराजित हो गये मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा आज मन पुलकित हो गया शिवरतन ने आगे कहा कि, प्रभु राम के बिना ना तो यह दुनिया चलती है और ना ही देश चलता है। जब रामलाल पधार रहे हैं तो देश और प्रदेश का राममय होना स्वाभाविक है। फिर हमारा छत्तीसगढ़ तो प्रभु राम का ननिहाल है, हमारे यहां तो भांजे का पैर धोया जाता है। 22 जनवरी को हम सभी इस ऐतिहासिक अनुष्ठान के साक्षी बनें भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प पूर्ति की भी तिथि है। वर्षों पहले, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवानी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ-साथ हजारों कारसेवकों द्वारा राम मंदिर के लिये शुरू हुई उनकी यात्रा अब सिद्धि के अंतिम पड़ाव तक पहुँची है। राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्ष से लेकर उसकी सिद्धि तक भगीरथ प्रयासों में सहभागी बनने वाले हर व्यक्ति को शिवरतन शर्मा ने कोटि-कोटि प्रणाम किया।

# आत्मावलोकन करें कि सिकंदर आजकल कहाँ है?

अपने अँदर झाँकना आत्मावलोकन है, जिससे हम अपने व्यक्तित्व को समझ पाते हैं। हमारा व्यक्तित्व विचार और चिंतन से बनता है। यह हमारे जीवन के अब तक के चिंतन और समस्त विचारों का प्रतिफल होता है। हम विचारों द्वारा ही उन्नति कर, जीवन के उच्चतम लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। जीवन वैसा ही होता है, जैसा हमारे विचार उसे बनाते हैं।अपने विचारों व चिंतन से हम अपना जीवन-यात्रा की दिशा तय करते है। हम जिस ईमानदारी से अपना आत्मावलोकन करेंगे, उतना ही हमारा जीवन शांत व सुखमय होगा। अगर हम अंदर से शाँत नहीं हैं तो बाहरी आवरण, धन, दौलत, भौतिक संसाधन चाहे जितने भी हमारे पास हों, हमें शांति व सुकून नहीं दे सकते।

अरबों खरबों की दौलत पास होना समृद्धी व शान्ति दायक हो ऐसा जरूरी नहीं। अपेक्षाकृत एक फकीर के पास शान्ति व सुकून का खजाना बेहद हो सकता है। हमारे पास जो है उसमें ही संतुष्ट रहना ही बेहतर जीवन यात्रा का प्रतीक है। किसी ने क्या खूब कहा है कि '' भिक्षा पात्र'' तो भरा जा सकता है परंतु ''इच्छा पात्र''कभी नहीं भरा जा सकता। संतोष में ही परम सुख है। हमेशा खुश रहना चाहिए, ये सोचकर कि दुनिया में हम से भी ज्यादा परेशान और लोग भी है। जो काम खुद को सुकून न दे वो कभी नहीं करना चाहिये। भौतिकता की ओर अंधी दौड़ में मानसिक तनाव बढ़ रहा है और तन-मन को हमने धन के आगे बलि चढ़ा दिया तो फिर जिंदगी तकलीफदेय ही गुजरेगी। जिसे अपने रूतबे, फतह तथाकथित कामयाबी व दौलत का धमण्ड व गुरूर हो जाये तो नजर झुकाकर मिट्टी से पूछ कर देखना चाहिये कि सिकंदर आजकल कहां रहता है? एक समय था जब किसी को स्टेशन तक छोड़ने जाते थे तो आँखे नम हो जाती थीं और आज कब्रिस्तान में भी आँखे कोरी रह जाती हैं। अपनी हैसियत को समझने के लिये एक शेर याद आ रहा है-

बिना लिबास के आये थे इस जहान में,
इतना सफर किए बस इक कफन के लिए।

अपनी इस एक जिंदगी के लिये शुक्राना अदा करता हूं कि देने वाले ने अनेकों से बेहतर दिया है। मेरे पैर में जूता है तो शुक्रगुजार हूँ क्योंकि कईयों के पास तो पैर ही नही हैं। मेरी आंखो पर मोटे लैंस का चश्मा है तो शुक्र है क्योंकि कईयों के पास तो आँखे ही नही है।

**- बाकलम - मु. शफीक खान**
**मोबाइल- 9425627305**

# कुश्ती चित होने के कगार पर

पिछले एक साल से भारतीय कुश्ती चित होने की कगार पर खड़ी है। फेडरेशन अध्यक्ष ब्रज भूषण शरण सिंह पर लगे यौन शौषण के आरोपों और तमाम उठा पटक के बाद भी हालात सुधारे नहीं सुधर पा रहे। हालांकि फेडरेशन के चुनाव हो गए हैं लेकिन अब चुने गए पदाधिकारियों और खेल मंत्रालय के बीच तनातनी चल रही है। अनुराग ठाकुर और संजय सिंह नाम के दो पहलवान ताल ठोक कर एक दूसरे को चुनौती देने उतर चुके हैं।

अर्थात कुश्ती पर धोबी पछाड़ का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया लेकिन विवाद है की बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कुश्ती में असमंजस का माहौल बना हुआ है। इसमें दो राय नहीं कि महिला पहलवानों के आक्रोश और धरना प्रदर्शन के बाद से बालिकाओं के अखाड़े प्रभावित हुए हैं तो दूसरी तरफ प्रमुख अखाड़ों में भी पहले सा उत्साह देखने को नहीं मिलता। दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, यूपी आदि प्रदेशों के छोटे बड़े अखाड़े यथावत चल रहे हैं लेकिन पहलवानों और गुरु खलीफाओं में एक अलग प्रकार का डर समा गया है। कुछ अखाड़ों के कोच और पहलवान कह रहे हैं कि भले ही कुश्ती फेडरेशन के बड़े लड़ते भिड़ते रहें लेकिन कुश्ती पर कोई असर नहीं पड़नेवाला। दूसरी तरफ एक वर्ग है जिसे महिला कुश्ती का भविष्य खतरे में नजर आता है। कारण, देश की चैंपियन महिला पहलवानों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर विलाप और विरोध प्रदर्शन गंभीर विषय माना जा रहा है। एक सर्वे से पता चला है कि कुश्ती की लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है। बहुत से माता पिता अपने बच्चों को अन्य खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेशक, कुछ अखाड़ों पर विवाद का असर साफ नजर आ रहा है। महिला पहलवानों की संख्या घटी है। लेकिन सकारात्मक सोच रखने वाले गुरु खलीफा बदलाव को क्षणिक मानते हैं। उनके अनुसार कुश्ती की लोकप्रियता पर कभी विराम नहीं लग सकता। अधिकांश कुश्ती पंडितों की राय में खेल मंत्रालय, कुश्ती फेडरेशन और आईओए को यह नहीं भूलना चाहिए कि घर की लड़ाई में कुश्ती पर संकट गहरा सकता है और जल्दी ही कोई हल नहीं निकला तो विश्व कुश्ती संस्था भारतीय फेडरेशन पर प्रतिबंध भी लगा सकती है। बेहतर होगा फेडरेशन अध्यक्ष संजय सिंह खेल मंत्री को चैलेंज न करें।

**- राजेन्द्र सजवान**

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला रहा इस बार का आम बजट

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। सरकार की वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है।



उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थ व्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोना काल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुन: फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं।

केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं।

यह किसी भी जाति का क्यों न हो? इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराए के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोत्तरी की है।

कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है। हालांकि जब से मोदी सरकार आई है, तब से अधोसंरचना को विकसित करने के तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। जो काम वर्षों में होता था, वह काम इस सरकार के कार्यकाल में महीनों में उच्च गुणवत्ता के हो रहे हैं। इन कामों में पारदर्शिता लाई गई है। इसी प्रकार रेल यात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक रूपरेखा भी इस बजट में दिखाई देती है। 40 हजार सामान्य श्रेणी के कोचों को वंदे भारत की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

जिससे भारत की गरीब जनता की रेल यात्रा आरामदायक हो सके। इसी प्रकार अधूरी पड़ी रेल परियोजना को भी बहुत जल्द पूरा करने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही तीन नई परियोजना को भी प्रस्तावित किया गया है। इससे यह बजट बहुत ही संतुलित बजट माना जा रहा है।

मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है। जो भारत की मजबूती के लिए नई तस्वीर निर्मित करेगा। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

**सुरेश हिंदुस्तानी**

# भाटापारा में रैन बसेरा निर्माण की मांग

### शहर मे 8 से 10 हजार लोग बाहर से आते है उनके ठहरने के लिये जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी के समीप अवैध कब्जा पूरी तरह हटाकर उक्त पुराना बस स्टेड परिसर मे रैन बसेरा निर्माण करने की मांग लोगों ने की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा है कि चूंकि भाटापारा एक प्रमुख व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्र है जहां चारो दिशाओं से रोजाना 8 से 10 हजार यात्री अलग अलग गांव कस्बा शहर व क्षेत्र से भाटापारा आते है उनके रूकने के लिये भाटापारा मे एक भी व्यवस्थित बस स्टैड परिसर व प्रतीक्षालय नहीं है जिससे मजबूरी मे उन्हे महंगे होटलो मे रूकना पड़ता है।

पुराने समय के जनक नंदनी धर्मशाला व महावीर धर्मशाला मे बाहर से आये हुये लोगों की रूकने व ठहरने की व्यवस्था नहीं है जिससे लोगों को दिक्कतो से जूझना पड़ता है इस अहम मसले को मद्दे नजर रखते हुये भाटापारा शहर मे सर्वसुविधा संपन्न बस स्टैड निर्माण की जरूरत है वहीं सर्व सुविधा संपन्न रैन बसेरा कृषि उपज मंडी के समीप बनाये जाने की नितांत आवश्यकता है जिससे किसान एवं अन्य बाहर से आने वाले यात्रियों को रूकने ठहरने का उचित मुकाम हासिल हो सके



जनहित मे भाटापारा कृषि उपज मंडी की एक बडे भू भाग जो अवैध कब्जा धारियों के चंगुल मे है। उक्त बेशकीमती जगह को अवैध कब्जा से पूरी तरह मुक्त कर वहां पर रैन बसेरा तथा विपणन बाजार बनाकर लोगों को बेहतर सुविधा दिया जा सकता है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भाटापारा मे रैन बसेरा का निर्माण शीघ्र किया जाये।

# सीसी टीवी सर्विलांस की मदद से गुम बालक को पुलिस ने ढूंढ निकाला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के सख्त निर्देश के बाद गुमशुदा प्रकरण मे पुलिस ने अथक मेहनत कर सूचना के चंद घंटो के भीतर लापता बालक को बरामद करने मे सफलता हासिल की है। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांति नगर निवासी शिवनारायण साहू ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई की उसका साढे चार वर्षीय पुत्र तिजेश्वर साहू घर मे बिना किसी को कुछ बताये कहीं चला गया है जिसकी तलाश वह आस पास तथा अपने परिजनों रिश्तेदारों तक कर चुका है लेकिन कहीं पता नहीं चला इस रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्ग निर्देशन मे शहर मे लगे सीसी टीवी कैमरे के सर्विलांस मे चेक किया गया साथ हीं आस पास मोहल्ले मे भी लगे सीसी टीवी



फूटेज को खंगाला गया जिसमे एक स्थान पर उक्त बालक को बघेल नगर की ओर जाते हुये कैमरे मे देखा गया उक्त बालक के जाने वाले मार्ग मे जाकर पूछताछ की गई पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि पटपर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी की ओर उक्त बालक गया है हाउसिंग बोर्ड के पीछे रिक्शा कालोनी मे एक महिला द्वारा एक बालक के कहीं से भटककर आने के अंदेशा पर सुरक्षा की दृष्टि से महिला ने उसे अपने पास रखना बताया महिला ने बताया कि उक्त बालक को घूमते फिरते मोहल्ले मे देखा गया और वह बालक घर का पता एवं रास्ता भटक गया था पूछने पर भी वह कुछ नहीं बता पा रहा था। सीसी टीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने उक्त बालक तक पहुंचकर शहर थाना लाकर बच्चें से प्यार भरे अंदाज मे नाम पता पूछा गया जिसके आधार पर उनके परिजनों को ढूंढ निकाला गया एवं सूचना देकर उनके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही मे टीआई योगिताबाली खापर्डे, विनोद सिंग, दिनेश नेताम व जीतराम पटेल की सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरतन ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा का अनावरण



**भाटापारा।** स्थानीय ईतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर मे नेता जी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भाजपा उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा के करकमलो से संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के कार्य आज भी लोगों के लिये प्रासंगिक है उनकी स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापना का कार्य प्रशंसनीय है। उक्त अवसर पर रघुनाथ पटेल, दिलीप सिंग बिसेन, प्रशांत गांधी, नारायण साहू, आरके वर्मा, कमल नारायण यदू, प्रकाश जाधव, रमेश वर्मा, देवलाल बघमार, प्रेमरतन शर्मा, सुशीला वर्मा, पुनीत सेन, अशोक पंत, वीणा साहू, अजय साहू, डीपी मनहर, रतनलाल केंवट, सत्येन्द्र सिंग बाघे, सुनील दुबे, दिनेश शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, कमलेश यादव, मंशाराम कुंजाम व झुमुकलाल शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गुहा जयंती में शामिल हुये इन्द्र साव



**भाटापारा।** ग्राम मेन्ड्रा मे आयोजित गुहा निषाद जयंती के अवसर पर क्षेत्रिय विधायक इंद्र साव शामिल हुये इस दौरान उन्होने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि गुहा निषाद जी के बताये हुये मार्ग पर चलकर हमे समाज क्षेत्र व गांव का विकास आपसी सामंजस्य से करना है। उक्त अवसर पर विधायक के साथ गोपाल शर्मा सहित बडी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने राधेश्याम व नेताजी को याद किया



**भाटापारा।** कांग्रेस भवन मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं कांग्रेस के पूर्व विधायक स्व. राधेश्याम शर्मा की पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान लोगों ने उनके कार्यो को याद करते हुये उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उक्त अवसर पर राजकुमार शर्मा, विनोद अग्रवाल, आलोक मिश्रा, अमित बंटी शर्मा, बसंत भृगु, सुनील गुप्ता, राधेश्याम शर्मा फगा, अशोक तिवारी, प्रशांत गांधी, संजय शर्मा, लोकेश मंगलानी, आकाश दुबे, ईश्वर सेन व उत्तम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उक्त अवसर पर हास्पिटल मे जाकर मरीजों को फल दूध वितरित किये।

### इलेक्ट्रिकल व्यापारी संघ ने निकाली शोभायात्रा

**भाटापारा।** अयोध्यापुरी में प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक संगठन की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया संगठन के अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि उक्त शोभायात्रा का नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा एवं आरती उतार कर जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर प्रकाश सोनी, स्वरूप अग्रवाल, आलोक मोदी, विश्वनाथ गुप्ता, रामचंद्र सचदेव, प्रकाश अग्रवाल, आशीष सोलंकी, राजेश साहू, अमर छाबड़ा, आशीष देवांगन, सुरेश छाबड़ा, वरुण वर्मा, सुनील मल, राकेश अग्रवाल, संजय मक्कड़, जितेंद्र साहू, नीरज लाहोटी, मोनू शाह, बंटी भाई, मनीष शुक्ला, सुधीर मिश्रा व अरुण छाबड़ा सहित अनेक नागरिक गणों कि उपस्थिति में महाकाल मंदिर नगर पालिका से नगर भ्रमण करते हुये सती मंदिर में समापन किया गया।



## भाटापारा स्टेशन परिसर सीसी टीवी कैमरे से लैस हुआ

# असामाजिक गतिविधियों पर नजर रहने से यात्रियों को मिल सकेगा शत प्रतिशत सुरक्षा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा भाटापारा स्टेशन मे बेहतर यात्री सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसी टीवी कैमरा लगाये गये है जिसके जरिये लोगों की आवाजाही के साथ साथ संपूर्ण स्टेशन परिसर की एक एक गतिविधियों पर नजर रखी जा रहीं है।



रेल्वे का मूल मंत्र यह है कि रेल यात्रियों की शत प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित किया जाये इसी के तहत स्टेशन मे प्लेट फार्म सहित संपूर्ण रेल्वे स्टेशन परिसर पर नजर रखी जा रहीं है सीसी टीवी कैमरे की मॉनिटरिंग मे स्टेशन प्लेट फार्म तथा संपूर्ण परिसर मे किसी भी प्रकार के संदेहास्पद व्यक्ति या घटना के घटित होने पर त्वरित रूप से उस पर संज्ञान लिया जा सकेगा।

भाटापारा रेल्वे स्टेशन की महत्वता को देखते हुये यहां पर 47 कैमरे लगाने का प्रावधान रेल प्रशासन द्वारा पूर्व मे लिया गया है जिसमे से अब तक 39 सीसी टीवी कैमरे विभिन्न स्थानो पर लगाये जा चुके है और आगे भी शेष कैमरे उचित स्थान पर लगाने का प्रावधान है जिससे की संपूर्ण स्टेशन डिजिटल कैमरे की निगाह मे होगा। उक्त कैमरो की मदद से स्टेशन मे यात्रियों की सुरक्षा बेहतर ढंग से हो सकेगा वहीं अपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों को रोकने मे भी मदद मिलेगा साथ हीं स्टेशन पर यात्रियों के छुटे हुये सामान व अन्य किस्म के अपराध पर भी अंकुश लग सकेगा। सीसी टीवी कैमरे लगने के बाद अपराधियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने एवं किसी भी किस्म के विवाद सुलझाने के लिये कैमरे के फूटेज साक्ष्य के तौर पर प्रयोग मे लाये जा सकेंगे। उक्त सीसी टीवी कैमरे के लग जाने के बाद रेल्वे परिसर मे असामाजिक तत्वों शरारती तत्वों तथा रेल्वे क्षेत्र मे अपराध करने वाले तत्वों को रोकने मे सहायता मिलेगी।

# भाटापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र व शहर मे जगह जगह उत्साह के साथ तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक, साहित्यिक व अन्य कार्यक्रम हुये। कृषि उपज मंडी मे भारसाधक अधिकारी बलवंत वर्मा ने ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर शत्रुघन वर्मा, सत्यनारायण यादव, उमेश शर्मा, रविकांत तिवारी, राधेश्याम अग्रवाल, मुनु शर्मा, देवेन्द्र भृगु, अभिनव तिवारी, गोपाल अग्रवाल, राजेश तिवारी व मुरली मनोहर यादव सहित बडी संख्या मे मंडी के कर्मचारी व व्यवसायी उपस्थित थे। इसी तरह कृष्णा नगर मे चंद्रकला नायक ने ध्वजारोहण किया उक्त अवसर पर राजेन्द्र गुप्ता, मंजीत संपल, सुरेश गुप्ता, वेंकट राव, निहाल पांडे, अरूण अग्रवाल, प्रीति मिश्रा, राम स्वार्थ पंडित, ध्रुव जसवानी, श्रीवास्तव, प्रकाश गुप्ता, रामगोपाल वर्मा, प्रेमेन्द्र वर्मा, स्वाति सिंग, जानकी वर्मा, उमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल व चमेली वर्मा सहित कालोनी के अन्य बडी संख्या मे मौजूद थे। गणतंत्र पर्व पर सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन मे सेवा निवृत्त परेटन लाल साहू ने तिरंगा फहराया उक्त अवसर पर रघुनाथ प्रसाद पटेल, दिलीप सिंग बिसेन, राधाचरण शुक्ला, कमलनारायण यदू, आनंद मोहन मिश्रा, एमके कुलदीप, शिव वर्मा, सुशील वर्मा, रमेश वर्मा, मनटोरा यदू, उमराव सिंग रात्रे, गिरधारी वर्मा, महेश वर्मा, कृष्ण वर्मा, नारायण साहू, गनपत वर्मा, तीजराम साहू, राजा राम यादव व तिवारी सहित बडी संख्या मे पेशनधारी कल्याण संघ के लोग मौजूद थे। इसी तरह मुंशी इस्माईल वार्ड कुम्हारपारा मे चन्द्रशेखर चक्रधारी ने झंडा फहराकर मिष्ठान वितरित किया उक्त अवसर पर हेमंत साहू, राजा साहू, लोकनाथ साहू, संजू तिवारी व अश्वनी चक्रधारी सहित वार्डवासी बडी संख्या मे उपस्थित थे। शहीद स्मारक कांग्रेस भवन मे कांग्रेस नेता सत्यनारायण जोशी ने ध्वजारोहण किया वहीं पालिका मे पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, तथा फिल्टर प्लांट मे त्रिलोक सलूजा ने झंडा फहराया उक्त अवसर पर सुनील गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा, रानी वर्मा, गेंदू साहू, सीता साहू, प्रशांत गांधी, मुकेश साहू व आलोक मिश्रा सहित बडी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे। इसी प्रकार रेल्वे स्टेशन, जीआरपी थाना आरपीएफथाना, शहर थाना, ग्रामीण थाना, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय, शिक्षा कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, बीआरसी कार्यालय, परियोजना अधिकारी कार्यालय कृषि, लोक निर्माण विभाग, जनपद पंचायत, विधि महाविद्यालय, गजानंद महाविद्यालय, आईटीआई, किसान राईस मिल अपेक्स, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय जीएसटी कार्यालय, न्यायालय परिसर, विश्रामगृह, ईतवारी राम यादव स्कूल, नगर पालिका स्कूल, पंचम यादव दीवान स्कूल व रामसागर पारा स्कूल सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शालाओं मे भी ध्वजारोहण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नेट बाल खिलाड़ियों ने जीता तीन ब्रांज मेडल




भाटापारा। 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत विगत दिनों दिल्ली में नेटबॉल बालक बालिका 14, 17 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे स्थानीय खिलाड़ियों ने पदक जीता है। टीम के मुख्य दल प्रबंधक शरद पंसारी ने बताया की छत्तीसगढ़ की 14 वर्ष एवं 17 वर्ष बालक बालिका की चारो टीम अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर सीधे क्वार्टर फइनल में पहुंची थी। इस तरह टीम ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये तीन टीम ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम में आंचल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा टीम में कोच और मेनेजर निर्मल जांगड़े, राजनंदिनी निराला, श्रीमती महेश्वरी पंसारी थी। बधाई देने वालों मे अनिल मिश्रा, डीईओ बी एल देवांगन, बीईओ राम जी पाल, आलोक गुप्ता, बीआरसी लेखराम साहू, प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, वीरेंद्र राजपूत, राजकुमार मल, अजय नाथ, फादर सीरियक, बाबू मैथ्यू, नंदलाल बाजपेई, प्रीति तम्हाने, केशव देवांगन, परस देवांगन सुनील यदु, सुमन साहा, संप्रित छाबड़ा, ओमाकुमार कुर्रे, चित्ररेखा, स्वाति, नेहा पटेल व दिकेश्वरी आदि ने शुभकामनायें दी है।

### भगवान राम किसी एक दल के नहीं समूचे जगत के अराध्य - इन्द्र साव



भाटापारा। विधानसभा क्षेत्र ग्राम लमती के आश्रित ग्राम मेण्ड्रा में आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जयंती व भक्तिन केंवटिन बिलासा दाई के सुरता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित उत्सव में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में बच्चों के अभिभावकों से आव्हान करते हुये कहा कि वे अपने बच्चों के शैशवरू काल से ही अपने धर्म के प्रति सजग रहने के गुणों को उनके मस्तिष्क में डाल कर उन्हे अपने धार्मिक कृत्यों के लिये सदैव प्रेरणा देते रहना चाहिये। इससे यही बच्चे बड़े हो कर अपने देश, समाज व अपने कर्तव्य के प्रति बड़े ही प्रेरणादायी कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न कर सकें। आज हमें प्रभु श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करना चाहिए राम किसी एक व्यक्ति विशेष या किसी दल के मात्र भगवान नहीं है उन पर समुचे देश ही नहीं वरन विदेशों में बसे हर भारतीय नागरिक के प्रभु है। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने गांव में नाली निर्माण हेतु विधायक निधि से 5 लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच दीपक कैवर्त्य व विजय निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नवोदय व केंद्रीय विद्यालय शुरू करने का अनुरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय शुरू करने का अनुरोध किया है। केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं के केंद्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाए जाने का भी उन्होंने आग्रह किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री को बताया कि केंद्र की योजनाएँ समग्र शिक्षा, पीएम श्री योजना, मध्यान भोजन आदि में केंद्र व राज्य की हिस्सेदारी क्रमशः 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत है। कई वर्षों से बजट के विभिन्न उप मदों के लिए निर्धारित दर में वृद्धि नहीं किए जाने से राज्य सरकार को दिक़्क़तें आ रही हैं।

# नशा मुक्त समाज विषय पर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा शिविर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कोलिहा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य आतिथ्य जनपद सदस्य भुनेश्वरी चम्पेश्वर साहू, विशिष्ट आतिथ्य सरपंच श्रीमती मनीषा मानधाता साहू एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा साहू एवं उपसरपंच बेदराम पाल द्वारा किया गया।

शिविर का विषय नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आधारित था। उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा साहू ने ग्रामीण स्तर व्याप्त युवाओं में नशा के कारण होने वाले दुष्प्रभावों एवं युवाओं को नशा से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। चम्पेश्वर साहू ने स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय परिवार को उक्त शिविर के आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाये प्रेषित की। शिविर में विभिन्न ग्रामों से कुल 70 स्वयं सेवकों की सहभागिता रही। सभी स्वयं सेवक ने ग्राम हित हेतु विभिन्न प्रकार के परियोजना कार्य एवं बौध्दिक परिचर्चा तथा प्रभात एवं संध्या फेरी में नारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव में नशा मुक्ति एवं जागरूकता हेतु संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम मे डॉ. शशिकिरण कुजूर, दीपक यादव डॉ. नीता बाजपेयी, डॉ. एल.एस. गजपाल, डॉ.सुनीता त्यागी, डॉ. अनिता सरीन, डॉ.प्रीति सोनी, सुश्री इंद्राणी मरकाम, रीनू मेहेर व डॉ. मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


# शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया



**भाटापारा।** भाजपा कार्यालय मे प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने गणतंत्र पर्व पर ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर उन्होने लोगों से आव्हान करते हुये कहा कि देश के संविधान की रक्षा करना हम सब का दायित्व है उन्होने देश मे हो रहे विकास की चर्चा करते हुये कहा कि धारा 370 की समाप्ति व 500 वर्षो बाद अयोध्या मे राम लला की प्रांण प्रतिष्ठा सहित देश मे आतंकवादी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने का कार्य ऐसे ऐतिहासिक कार्य है कि ये सब आजादी के बाद पिछले 10 वर्षो मे किये गये है जो कि देश के लिये फक्र की बात है। उक्त अवसर पर आशीष जायसवाल, महाबल दास बघेल, सुनील यदू, राकेश तिवारी, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, सुनील शर्मा, आशीष टोडर, आशीष पुरोहित, अभिनव दास, भागवत साहू, व्यासनारायण यदू, पुरूषोत्तम यदू, सुनंद मिश्रा, सुरेश मिश्रा, संजय सिंग चौहान, उमाशंकर वर्मा, नारायण साहू, संतोष साहू, नीरा साहू, आयशा खान, सलीम खान, सुदामा मंधान, राकेश मंधान, नरेन्द्र पुंशी, धनेश माधवानी व दिलीप छाबड़िया सहित बडी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इन्द्र साव ने जय स्तंभ चौक में झंडोत्तोलन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जय स्तंभ चौक मे क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव झंडोत्तोलन किया। उक्त अवसर पर उन्होने शांति के प्रतीक स्वरूप आसमान मे गुब्बारे छोड़कर भाईचारे का संदेश देते हुये लोगों से देश की एकता व अखंण्डता के लिये कार्य करने का आव्हान किया। उक्त अवसर पर सतीश अग्रवाल, ईश्वर सिंग ठाकुर, सुशील शर्मा, विनोद अग्रवाल, मोहन केशरवानी, राजकुमार शर्मा, बसंत भृगु, सत्यनारायण जोशी, आलोक मिश्रा, अरूण यदू, सुनीता गुप्ता, त्रिलोक सलूजा, दिवाकर मिश्रा, दीपक निर्मलकर, सीरिज जांगडे, अययुब बांठिया, गोपाल शर्मा, सुनील गुप्ता, विवेक यदू, सत्यजीत शेंडे, जग्गा राव, अशोक ध्रुव, गेदू साहू, मेवालाल बघेल, मुकेश साहू, महेन्द्र साहू व विवेक यदू सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# कमलाकांत इंस्टीटयूट में 2500 बार रामायण चौपाई का रिकार्ड बना



**भाटापारा।** देवरी स्थित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे रामलला प्रांण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर महाविद्यालय परिसर मे रामायण के मुख्य अंशो का मंचन इंस्टीटयूट के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विभिन्न पाठयक्रमो के समस्त छात्र-छात्राओं व प्राध्यापक तथा स्टाफके साथ 2500 बार रामायण चौपाई का पाठ कर रिकार्ड बनाया। उपरोक्त अवसर पर इंस्टीटयूट के संचालक मनीष शुक्ला, सचिव अंजलि शुक्ला, प्राचार्य वंदना चौहान के साथ साथ सभी विभागो के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राये बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट में योग साधना संपन्न



**भाटापारा।** गत दिनों कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे बीएड के छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक रूप से योग साधना एवं सूर्य प्राणायाम किया गया। जिसमे प्राचार्य वंदना चौहान व भावना हेंवार के द्वारा छात्र-छात्राओं को योग के प्रति जागरूक करने एवं योग का उनके अपने जीवन मे उपयोग व महत्व विस्तृत रूप से बताये गये। उक्त कार्यक्रम मे इंस्टीटयूट के तमाम लोग के साथ साथ बडी तादाद मे छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# कुराश प्रतियोगिता की टीम राजस्थान पहुंची



**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य जूनियर बालक बालिका कुराश टीम की घोषणा कर दी गई है इस टीम मे राहुल यादव, शुभम, रवि जांगडे, झरना निषाद, दीक्षा, उषा, मिनाक्षी, तोमन साहू, नामदेव, ईशा देशमुख, पूर्वा, समीर, घृतेश, अंकित दिवाकर, भूमिका डोंडे, सेजल यदू, स्वेल्हा, ज्ञानेन्द्र घृतलहरे, गौतम मिरी व वर्षा मिरी सहित अन्य लोग शामिल है। राजस्थान के श्रीगंगा नगर मे उक्त प्रतियोगिता 28 जनवरी तक होगी। उक्त तमाम खिलाड़ियों को शरद शुक्ला, बैजनाथ गुप्ता, आशीष यादव, जगदीश चौधरी, ओमप्रकाश मिश्रा, विकास आडिल, अमरजीत सलूजा, नरेश आर्य, लक्ष्मीनारायण सोनी, सुरेश भानुशाली व आदित्य सिंग सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुनने शिवरतन छात्र-छात्राओं के बीच उपस्थित हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छात्रो से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर छात्र छात्राओं के साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाग लिया। उक्त अवसर पर छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने वाला बताते हुए मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने संपर्क कार्यक्रम की सातवीं कड़ी में उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवाचारी हो गए हैं मोदी ने कहा हमारे छात्र हमारे भविष्य को आकार देंगे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने आउटरीच कार्यक्रम के सातवें एपिसोड में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक इनोवेटिव हो गए हैं। मोदी के कार्यक्रम के बाद शिवरतन शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार परीक्षा के संबंध में बच्चों को समझाया वह उनके जीवन के अनुभवों को दर्शाता है। निश्चित ही न सिर्फ छात्र बल्कि अन्य श्रोता भी उनके अनुभवों से बहुत कुछ सीखेंगे एवं उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करेंगे। इस बीच शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुये उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होने कहा कि जीवन की किसी भी परीक्षा मे संयम नियम और अनुशासन के महत्व को बताते हुये कहा कि बिना मेहनत के कुछ भी संभव नहीं है उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को आने वाले परीक्षा मे सफलता की शुभकामनायें दी। उपरोक्त मौके पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अंनत, बीईओ राम जी पाल, जहीर अब्बास, केशव देवांगन, सतीश साहू, अभिषेक दास, लुकु साहू, देवेंद्र साहू, राजा कामनानी, धनेश माधवानी, प्रकाश ठाकुर, मोहम्मद हारून, तेजराम साहू व मुकेश देवांगन सहित संस्था के शिक्षक एवं अन्य स्टाफके लोग उपस्थित थे।

# बिलासपुर हापा एक्सप्रेस का ओखा तक विस्तार

## भाटापारा मे स्टापेज मांगते मांगते लोग थक हार गये अब पुनरू उठी मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेल प्रशासन ने आगामी 29 जनवरी से बिलासपुर से चलने वाली बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22939-22940 हांपा एक्सप्रेस को अब ओखा तक चलाने का निर्णय लिया है उक्त ट्रेन के ओखा तक जाने से अब रेल यात्री सीधे हांपा के आगे जामनगर खंभालिया एवं द्वारिका तक सीधा रेल के माध्यम से सफर कर सेंगे लेकिन भाटापारा वासियों का यह दुर्भाग्य है कि बिलासपुर से चलने वाली उक्त महत्वपूर्ण ट्रेन का स्टापेज एक लंबे समय बाद भी रायपुर बिलासपुर रेल जंक्शन के बीच स्थित भाटापारा जैसे सर्वाधिक आय देने वाले बडे व महत्वपूर्ण स्टेशन मे एक लंबे समय बाद भी स्टापेज नहीं दिया गया है नागरिकों ने कहा हे कि सन 2019 के बाद से एक भी ट्रेनो का स्टापेज भाटापारा मे नहीं दिया गया है जबकि भाटापारा से छोटे छोटे अनेक स्टेशनों मे अनेक यात्री ट्रेनो का लगातार स्टापेज स्वीकृत किया जा रहा है वंदे भारत एक्सप्रेस के समय भी उक्त ट्रेन का स्टापेज शीघ्र देने का आश्वासन मिला था वह भी अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है इस बीच अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो का भी स्टापेज कराने का विभिन्न समाचार पत्रो मे खबर प्रकाशित किया गया था वह भी पूर्ण नहीं हो पाया जिससे लोगों मे भारी आक्रोश का माहौल व्याप्त है। नागरिकों ने एक बार फिर बिलासपुर रेल्वे जोन से चलने वाली बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस जो कुछ दिनो बाद ओखा तक जायेगी इसे अविलंब भाटापारा मे रोकने की मांग पुनरू दोहराई है। नागरिकों ने कहा है कि चूंकि उक्त ट्रेन छत्तीसगढ राज्य के बिलासपुर रेल्वे जोन की ट्रेन है इसलिये रेल्वे महाप्रबंधक सहित जनप्रतिनिधियों को भाटापारा मे ट्रेन स्टापेज कराने विशेष रूप से पहल करना चाहिये।

# उषा यादव ने कांस्य पदक जीता

**भाटापारा।** श्री गंगानगर राजस्थान मे आयोजित नेशनल जूनियर कुराश प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ राज्य की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक प्राप्त किया है। उषा यादव ने 40 किलोग्राम वजन की प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीतकर नगर व राज्य का गौरव बढाया है उनकी इस सफलता पर रवि कपूर, राजन वर्गीस, विक्रांत कश्यप, शिवाजी सालूके, सोमबीर सिंग, शरद शुक्ला, बैजनाथ गुप्ता, आदित्य सिंग, जगदीश चौधरी, ओमप्रकाश मिश्रा, गोपी देवांगन, आशीष यादव, सरस्वती यादव, गौतम मिरी व वर्षा मिरी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।




## संक्षिप्त समाचार

# चेंबर ऑफकॉमर्स के सम्मेलन में अनेक लोग शामिल हुये



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स के सम्मेलन मे भाटापारा के गिरधर गोविंदानी, सुभाष भटटर, श्रीचंद छाबड़िया, रंजीत दावानी, अजय मंधान, रूपेश माखीजा, कैलाश बालाणी, प्रेम भूषाणिया, मुकेश थारानी, अनिल रोचलानी, इंदर लाल जैन, कमलेश कुकरेजा, प्रताप ठाकुर, अरुण मूंधड़ा, कैलाश सोनी, राकेश मंधान, सुरेश वर्मा, नरेंद्र भूषाणिया, गोपाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अशोक सोनी, संतोष अग्रवाल, शंकर किंगरानी, अनिल गंगवानी, राजेश राठी, हरीश निहलानी, अनिल सोनी, नरेश मौर्या, अंशुल जैन, शिव अग्रवाल, गोपाल तलरेजा, अनिल सचदेव, संजय सबलानी, कृष्ण केसरवानी, नंदलाल गिदवानी, मुकेश साहू, अजय छाबड़िया, प्रदीप अग्रवाल, अशोक थारानी, संजय मंधान, रविंद्र पुरोहित व रवि मंधान सहित अनेक लोग शामिल हुये। व्यापारियों ने उक्त सम्मेलन मे अपनी समस्याओं को रखा वहीं उक्त सम्मेलन मे अनेक प्रस्ताव व्यापारी हित मे पास किये गये।

# इन्द्र साव ने सेमरिया में सीसी रोड निर्माण के लिये पांच लाख की घोषणा की



**भाटापारा।** ग्राम सेमरिया मे ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासियों की मांग पर सीसी रोड़ निर्माण के लिये क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने 5 लाख रूपये प्रदान करने की घोषणा की है। विधायक इंन्द्र साव सेमरिया घाट मे आयोजित गुहा निषाद जयंती मे शामिल हुये इस दौरान उन्होने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि गुहा निषाद का संपूर्ण जीवन भक्ति भाव से परिपूर्ण रहा है उससे निषाद समाज को प्रेरणा लेना चाहिये गांववासियों की मांग पर विधायक ने अन्य समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की बात कहीं गांववासियों ने ग्राम सेमरिया घाट के शिवनाथ नदी पर बने एनीकट मे शिकायत होने की बात कहीं व ग्रामीणों ने पचरी निर्माण की भी मांग रखी जिस पर इंन्द्र साव ने उचित समाधान निकालकर विकास कार्य कराने की घोषणा की। उक्त अवसर पर बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छेर छेरा पर्व उत्साह से मनाया गया

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे लोक पारंपरिक त्यौहार छेर छेरा का पर्व धूम धाम से मनाया गया। प्रातरू से हीं छोटे छोटे बच्चे बडी संख्या मे लोगों के घर पहुंचकर छेर छेरा मांगते रहे इस दौरान लोगों ने उत्साह से छोटे छोटे बच्चो को भी अन्न धन का दान स्वेच्छा से दिया वहीं ग्रामीण क्षेत्रों मे अनेक लोग भी बाजे गाजे के साथ छेर छेरा मांगने निकले उन्हे भी लोगों ने हंसते हंसते दान किया। छत्तीसगढ मे पौष महिने की पूर्णिमा को पारंपरिक त्यौहार छेर छेरा का पर्व मनाया जाता है मान्यता है कि कृषक अपने खेत खलिहानो से धान कटाई मिसाई कर अपने घर लाकर उसे कुटाई करता है उसके बाद कृषि का कार्य संपूर्ण रूप से संपन्न हो जाता है। इस दौरान छेर छेरा का पर्व मे लोगों के घर का मांगने आने वालो को अन्न दान करने की परंपरा है किन्तु बदलते परिवेश मे छेर छेरा मांगने वालो को कुछ न कुछ देकर बिदा किया जाता है। शहर के तमाम मोहल्लों मे सुबह से हीं बडी तादाद मे छेर छेरा मांगने वाले सक्रिय रहे जिससे संपूर्ण वार्डो मे छेर छेरा पर्व का माहौल बना रहा।



# छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी को छोड़कर, भाटापारा विधायक इन्द्र साव द्वारा अवैध शराब बिक्री को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। छत्तीसगढ़ में लगभग सात-आठ वर्ष पूर्व भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने यहां की शराब दुकानों में शराब स्वयं बिकवाना आरंभ कर दिया गया था। जो आज तक जारी है। तत्कालीन सरकार ने इस दावे के साथ नई आबकारी नीति चालू की कि इससे यहां शराब बेचने वाले कोचियों पर लगाम लगेगी। परन्तु ऐसा ना होकर उल्टा समूचे छत्तीसगढ़ में शराब कोंचियों की मानो बाढ़ सी आ गई।

आज हमारे भाटापारा शहर में हर गली-कूचे व चौक-चौराहों पर खुले आम, बेधड़क व बिना किसी लगाम के शराब सहज व सुलभ रूप से मिलने लगी है। जिससे यहां का माहौल बेहद शर्मनाक हो गया है। किसी भी गली व चौक-चौराहों से महिलाओं, बच्चों व सभ्य नागरिकों का निकलना मुश्किल भरा काम हो गया है। ऐसा ही हाल भाटापारा शहर के आस-पास के छोट-बड़े सभी गांवों का भी हो गया है। ऐसी विषम स्थिति को देखते हुए व प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर भाटापारा के विधायक इन्द्र साव आज दिनांक 05 फरवरी 2024 से अपने समस्त कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं




तथा आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ को साथ लेकर स्थानीय जय स्तंभ चौक पर शराब कोंचियों पर लगाम लगाने व उन पर किसी भी प्रकार की स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन पर बैठ गये है।

जिसमें प्रमुख रूप से सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, राधेश्याम शर्मा (फग्गा), ईश्वर सिंह ठाकुर, अरूण यादव, शैली भाटिया, राजकुमार शर्मा, मुकेश साहू, घनाराम साहू, फिरेन्द्र कोशले, अमर मंडावी, दिवाकर मिश्रा, रविशंकर ध्रुव, देवनारायण बांधे, सीरिज जांगड़े, अशोक ध्रुव आदि थे।

प्रायः सभी वक्ताओं ने नगर और आस-पास के गांवों में हो रही अवैध




शराब बिक्री को लेकर स्थानीय शासन-प्रशासन पर अपना आक्रोश जताया।

इसी अवसर पर स्थानीय विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कहां कि, मेरा काम अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का व अखबारों में अपनी फोटो छपवाने का नहीं है। मै अपनी विधानसभा के प्रत्येक आम नागरिक का जहां तक हो सकें चाहे वह छोटा हो या बड़ा हो महिला-पुरूष या किशोरावस्था का हो सब की परेशानी व समस्या दूर करने का है। मैं जब भी यहां के गांवों के दौरे में जाता हूं तो यहां के लोगों को यह कहते सुनता हूं कि हमारे गांव के विकास के बारे में अभी कुछ नहीं कहना है, अभी फिलहाल आप सबसे पहले हमारे गांवों में बिकने वाली अवैध शराब बंद करवाईये। इस शराब ने हमारे कई घर परिवार बर्बाद कर दिये। खास कर महिलाएं इससे अधिक दुखी है। लगातार हर गांव के लोगों द्वारा तथा भाटापारा शहर के आम नागरिकों द्वारा भी ऐसी बाते सुनकर हमारे द्वारा सर्वप्रथम 18 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी का घेराव कर यह बाते बता कर शराब कोंचियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। इस पर उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। पर हुआ कुछ नहीं। इसके बाद हमने बलौदाबाजार-भाटापार के कलेक्टर महोदय को उपरोक्त संदर्भ में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंप कर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करने का आग्रह किया। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। पर अफसोस कि उनके द्वारा भी 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। फिर हम कल 04 तारीख को पुनः एस.डी.एम के पास जाकर धरना प्रदर्शन की बात भी की। पर बात नहीं बनी। इसी के कारण आज से हमारे क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री बंद करवाने के लिए हमें मजबूरीवश यह धरना प्रदर्शन हमारे द्वारा किया जा रहा है। हमारे क्षेत्र में जब तक अवैध शराब बिक्री बंद नहीं होगी तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस धरना प्रदर्शन में भाटापारा शहर के अलावा आस-पास के भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए उनका मै आभार व्यक्त करता हूं। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रमिला साहू, दानी भाट, सरस्वती साहू, पूर्णिमा श्रीवास, दीपा जांगड़े, हेमीन ध्रुव, सीमा रात्रे, महेन्द्र साहू, अरूण वर्मा, कुंजराम साहू, शैलेन्द्र अहिरवा, नंदू साहू, सत्यजीत सेंडे, विवेक यदु, लालु मानिकपुरी, जग्गाराव, व बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दी।

# अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** ध्राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसके तहत 14 दिनों में 26 प्रकरणों पर 5 लाख 10 हजार रूपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना लगाया गया है। जब्त



गाड़ियों में एक सोल्ड सहित 18 टेक्टर,2 चौन माउंटेन,6 हाईवा समेत कुल 26 गाड़ियां शामिल है। खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी को रेत से भरे टैक्टर सीजी 22 टी 4625,सीजी 04 पीसी 4704,सीजी 04 एमएस 6405, 16 जनवरी को 2 माउंटेन चौन ओडी 08, टी 0336, ओडी 08 टी 2700, 17 जनवरी को टैक्टर सीजी 04 एमई 2035, 19 जनवरी को 5 रेत से भरे हाईवा डोंगरीडीह से सीजी 22 एक्स 7336, सीजी 28 पी 8255,सीजी 28 एन 7310,सीजी 28 क्यू 1811,सीजी क्यू 1844 शामिल है। इसी तरह 29 जनवरी को टैक्टर सीजी 22 एसी 1082, सीजी 04 एलएल 6090, सीजी 04एचएल 8339, सोल्ड टैक्टर, सीजी 04 एलजे 1531,सीजी 04 पीएफ7468,सीजी 04 एनबी 9376, शामिल है। इसके साथ ही आज 1 टैक्टर बोल्डर के परिवहन करते,5 टैक्टर रेत के परिवहन करते एवं 1 चुना पत्थर से भरे हाईवा को जब्त किया गया है। सभी गाड़ियां को नजदीकी थाने के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरणों के निराकरण से कुल रु.5 लाख 10 हजार अर्थदंड राशि की वसूली की जाएंगी जो शासन के राजस्व में जमा होगा। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA
(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
FOR CLASSES NURSERY TO VIII
"Enriching Minds, Changing Lives"
ज्ञानवर्धक उत्तम सुविधाएँ :-


• पूर्ण हरियाली, फूल-पोधे युक्त स्वच्छ वातावरण।
• सी.सी.टी.वी. कैमरों से युक्त विद्यालय परिसर।
• शैक्षणिक, खेल एवं सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार समारोहों का आयोजन
• प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।


• नवीन साफ्टवेयर युक्त कम्प्युटर प्रयोगशाला।
• सर्वसुविधा युक्त स्मार्ट क्लास।
• विद्यार्थियों के लिए झूले, फिसलपट्टी व अन्य शैक्षणिक खेल सामग्री।
• खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधियाँ।

• शिक्षा में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ
TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242,9827963700

# राशन कार्ड नवीनीकरण के लिये भाग दौड़ की स्थिति

## लोगों ने कहा राशन कार्ड को नेताओं के फोटो से वंचित रखा जाये ताकि हमेशा यह चल सके

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। छत्तीसगढ शासन द्वारा एक बार फ़िर से नगर व क्षेत्र मे लोगों के पास मौजूद राशन कार्ड के स्थान पर नवीनीकरण प्रक्रिया का निर्देश जारी किया गया है। उक्त निर्देश के बाद समूचे शहर व गांव मे बडी तादाद मे लोग अपने राशन कार्ड को बचाने व उसके नवीनीकरण शीघ्र करा लेने की होड़ मे लग गये है।**



जिसके फ्लस्वरूप विभिन्न राशन दुकानो स्थलों एवं लोक सेवा केन्द्र मे भारी भीड़ का माहौल बनने लगा है अधिकतर राशन दुकानो मे उक्त कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। वहीं अनेक राशन दुकान बंद है तो कुछ राशन दुकानो मे सर्वर डाउन की समस्या बताकर लोगों को लौटाया जा रहा है जिससे लोग आक्रोशित है कि आखिर बार बार राशन कार्ड नवीनीकरण का झमेला आम जनता के उपर क्यों लादा जा रहा है जबकि नागरिकों का कथन है कि राशन कार्ड मे किसी भी नेता का फोटो न लगाया जाये ताकि सत्ता परिवर्तन के बाद फ़िर से राशन कार्ड नवीनीकरण के झमेले से आम जनता को मुक्ति मिल सके वर्तमान मे प्रचलित राशन कार्ड मे तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के फोटो है उक्त राशन कार्ड को सत्ता परिवर्तन के बाद अमान्य करते हुये मौजूदा भाजपा शासन ने एक बार फ़िर राशन कार्ड नवीनीकरण करने की घोषणा व प्रक्रिया पर अमल शुरू कर दिया है जिसके चलते हजारो एपीएल, बीपीएल एवं अंत्योदय के साथ साथ निराश्रित श्रेणी के राशनकार्ड धारी गली गली नवीनीकरण कराने अपने राशन कार्ड धरकर भटक रहे है अनेक स्थानो पर उन्हे सुझाव मिला है कि मोबाईल एप्प से राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन व घोषणा पत्र भरा जा सकता है लेकिन मोबाईल एप्प मे लोगों को रात भर मोबाईल चलाने के बाद भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिल रहा है वहीं कुछ लोक सेवा केन्द्र मे उक्त कार्य हो रहा है वह भी धीमी गति से जिससे की भारी संख्या मे लोगों का जमावड़ा लोक सेवा केन्द्र मे लग रहा है वहीं राशन दुकानो का पट कब खुलेगा और कब राशन कार्ड नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारंभ होगा और कब वहां का सर्वर डाउन खत्म होगा यह पूछते पूछते आम राशनकार्डधारी के चप्पल घिस गये है आम नागरिकों ने राशन कार्ड नवीनीकरण प्रक्रिया को द्रुत गति से सभी राशन दुकानो मे बिना किसी व्यवधान के संपन्न करने की मांग की है साथ ही नागरिको ने कहा है कि राशन कार्ड को नेताओं के फोटो से वंचित करते हुये इस प्रकार बनाया जाये कि भविष्य मे सत्ता परिवर्तन पर भी वह राशन कार्ड निर्बाध गति से चलता रहे।

## रामजी का हो लिया जो

राममय हो गया वो
रामजी धीर गंभीर
राम- राम भजिएँ।
मोह-माया त्यागकर
वश मे लालच कर
जैसे लखन जी भ्राता
संयमित रहिए।
सुख-दुख समभाव
दुखियों की बनें छाँव
सीता सती नार जैसे
पतिव्रता बनिये ?।
भक्त बजरंगबली
जैसे सदाचारी बनें
जयति सुंदरकांड
रामायण पढ़िए।



वंदनागोपाल शर्मा 'शैली'
भाटापारा



# बाबा घासीदास के तपोभूमि तक पदयात्रा में निकले भक्त का स्वागत



**भाटापारा।** बाबा घासीदास के तपोभूमि गिरौदपुरी के लिये ग्राम मुंगेली सतनाम भवन से डोमन सोनवानी पदयात्रा करते हुये भाटापारा पहुंचे जहां मिनी माता भवन मे उनका पुष्पहार व श्री फल से स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर संजय बघेल, देवनारायण बांधे, मोहन बांधे, फलित दास भारती, राजकुमार लहरे, नानकराम लहरे, मुकेश चतुर्वेदी, तेजराम कोशले, चोवाराम डहरिया, नरेश सोनवानी, लोकेश टंडन, बसंती डहरिया, कृष्णा टंडन, उत्तम टंडन व केशव डहरिया सहित बडी संख्या मे सतनामी समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## परसवानी के कार्यक्रम में सतीश शामिल हुये



**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम परसवानी मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे सतीश अग्रवाल उपस्थित हुये। उक्त अवसर पर उन्होने गांव मे एक जुटता व भाईचारा के साथ गांव के विकास के लिये कार्य करने का आव्हान उपस्थित लोगों से किया। इस दौरान उन्होने ग्रामवासियों से कहा कि वे सामाजिक बुराईयों एवं कुरितियों को दूर करने के लिये आपसी सहयोग से कार्य करें। उक्त अवसर पर रामेश्वर वर्मा, कृपाराम ध्रुव, तुलाराम वर्मा, पीलाराम वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, भोपनारायण वर्मा, अजीत यादव, अशोक कौशिक, बुधराम वर्मा, दिनेश वर्मा, संजय वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, नारायण विश्वकर्मा, जगन्नाथ वर्मा, केजउराम पटेल, बोधी निषाद, मुकेश वर्मा, ओंकार वर्मा, रवि वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, टीकाराम वर्मा, शारदा प्रसाद वर्मा, अशोक वर्मा, केदार मिश्रा, संतोष सेन, खिलेश्वर सेन व कांशी प्रसाद साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नशाखोरी कर सड़क पर उत्पात मचाने वाले पकड़े गये

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक द्वारा नशाखोरी के अपराध मे लिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने नशाखोरी कर विभिन्न चौक चौराहों व गली मोहल्लों मे उत्पात मचाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नशाखोरी कर



राह चलते लोगों के साथ गाली गलौज करने सड़क पर शांति भंग करने तथा मारपीट जैसे घटना को अंजाम देने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस के हत्थे सुभाष वार्ड निवासी गोवर्धन तिवारी, संजू यादव व हथनीपारा वार्ड निवासी बाबू लाल यादव एवं नयागंज वार्ड निवासी गोविंद यादव को पुलिस ने पकड़ा है। उक्त कार्यवाही मे टीआई योगिताबाली खापर्डे व स्टाफ के अन्य लोग शामिल थे। उपरोक्त कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन मे की गई।

# श्रीराम जन्मभूमि में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाटापारा भी रामभक्ति की लहर पर जमकर झुमा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** श्रीराम जन्मभूमि में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाटापारा भी रामभक्ति की लहर पर जमकर झुमा। शहर के हर वार्ड में दीपमाला, भजन, आतिशबाजी, भंडारे जैसे आयोजन हुए।

मुख्य आयोजन श्रीराम सप्ताह मंडप में सम्पन्न हुआ। चौबीस घंटे के अंखड रामनाम जाप के बाद सोमवार सुबह हवन-पूजन उपरांत,संगीतमय सुंदर कांड समिति द्वारा श्रीराम राज्याभिषेक की प्रस्तुति की गई। सुबह से शाम तक श्री महासती मंदिर सेवा समिति द्वारा भंडारा रखा गया। पोहा मुरमुरा संघ की तरफ से पोहा, जलेबी बाटा गया। दोपहर में सामाजिक संस्था उत्तरायण द्वारा गोदान कार्यक्रम रखा गया, एवं संध्या 5100 दीप प्रज्वलित किये गए।

दोपहर 2बजे से भगवान श्रीराम की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकली। जिसमें हजारो रामभक्त जयघोष व हर्षोल्लास व्यक्त करते शामिल हुए। शोभायात्रा में खास संबलपुर से आये बैंड, डिजे,धुमाल पार्टी,श्रीराम दरबार की मनोरम झांकी, महाबली हनुमान के रथ के साथ भारी संख्या में युवक युवतियों का जोश व नारेबाजी,नगरवासियों द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा, आरती, जलपान आदी की व्यवस्था की गई । मुस्लिम समाज,पंजाबी समाज के साथ ही अनेक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया।

रात 8 बजे शोभायात्रा मंडप पहुंचने के बाद, तीन दसक पूर्व नगर से अयोध्या कारसेवा में शामिल हुए रामभक्तों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय( बंटी) ने कहा कि भाटापारा 85 वर्षों से अपने भाचा के नाम का पाठ करते आ रहा है इसलिए भाटापारा वासियों के लिए यह दोगुनी खुशी का समय है, आयोजन में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा हिस्सा लिया, सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। वही प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जो स्वयं 1990 में कार सेवक रहे उन्होंने कार सेवकों के संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया एवं अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर की क्षेत्र वासियों को बधाई दी।

देर रात तक भव्य आतिशबाज़ी से आसमान रौशन रहा।मंगलवार को श्री सत्यनारायण धर्मशाला में अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विधायक इंद्र साव भी शामिल हुए।

आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित करने में प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने भी अपनी माहिती भूमिका निभाई।

# भाटापारा में डीजे व धुमाल पर अंकुश लगाने बैठक हुई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे पिछले कुछ समय से डीजे धुमाल की धमक से परेशान लोगों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत करते हुये उक्त संबंध मे कार्यवाही की मांग की थी जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी आशीष आरोरा के मार्गदर्शन मे थाना मे डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक आयोजित कर सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन के तहत कार्य करने का निर्देश व निर्देशों का पालन करने डीजे व धुमाल संचालकों को दी गई है। पुलिस प्रशासन ने डीजे व धुमाल संचालकों को अधिकृत रूप से एसडीएम का अनुमति आदेश प्राप्ति के बाद हीं डीजे बजाने का निर्देश जारी किया है। पुलिस प्रशासन ने रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक डीजे व धुमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है साथ हीं डीजे धुमाल बजाने वालों को चेतावनी देते हुये कहा गया है कि उक्त नियम व निर्देश का उल्लंघन करने पर जुर्माना के साथ साथ डीजे व धुमाल वाहनों को राजसात करने व जब्त करने की कार्यवाही कोलाहल अधिनियम के तहत की जायेगी। बैठक मे उपस्थित टीआई योगिताबाली खापर्डे ने कहा है कि आगामी कुछ दिनो मे 10 एवं 12 बोर्ड की परीक्षा शुरू होना है ऐसी परिस्थिति मे किसी भी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण व कोलाहल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ध्वनि प्रदूषण व कोलाहल फैलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

संतोष कुमार साहू (लालू)



ब्यूरोचीफ

"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए संपर्क करें

9827916119

# अनेकों घोषणाओं के बावजूद भाटापारा राजस्व जिले का सपना साकार नहीं हो पाया, क्षेत्रीय नागरिकों में नेताओं के प्रति भारी आक्रोश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पृथक व स्वतंत्र भाटापारा राजस्व जिले की मांग क्षेत्र के लोग एक लंबे समय से कर रहे है लेकिन इस न्यायोचित मांग को अब तक पूर्ण नहीं किये जाने से आम लोगो मे भारी रोष व्याप्त है।






यह विदित रहे कि आजादी के पूर्व सन 1935 मे भाटापारा बिलासपुर जिला मे समाहित था जिसे स्व. रविशंकर शुक्ल ने रायपुर जिला मे जोड़ दिया उसके बाद से लगातार भाटापारा को जिला मुख्यालय बनाये जाने की मांग लोग करते रहे जिस पर तमाम नेताओं ने सिर्फ आश्वासन व भरोसा क्षेत्र की जनता को दिया उसका वाजिब हक जिला मुख्यालय आज तक नहीं मिल पाया है इस बीच अविभाजित मध्य प्रदेश मे सुंदरलाल पटवा की सरकार द्वारा छत्तीसगढ क्षेत्र मे नये जिले का निर्माण जब किया गया उस वक्त भी भाटापारा उपचुनाव मे पहुंचे सुंदरलाल पटवा ने कहा था कि तुम मुझे नरेन्द्र दो मै तुम्हे विकास की चाबी दूंगा उपचुनाव मे क्षेत्र की जनता ने विकास की चाबी के रूप मे नरेन्द्र शर्मा को विधायक चुनकर भोपाल भेजा लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भाटापारा के विकास की चाबी को नहीं दिया जिससे क्षेत्र की जनता को मायूसी का सामना करना पड़ा फिर पृथक छत्तीसगढ राज्य बनने के बाद मुख्यमंत्री अजीत जोगी से लोगों की अपेक्षायें बढ गई क्योकि उनका ज्यादातर समय व अध्ययनकाल भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मर्राकोना से जुड़ा रहा जिससे लोगों ने उम्मीद जताई कि वे भाटापारा को राजस्व जिला अवश्य बनायेंगे और इसके लिये उन्होने एक सभा मे घोषणा भी की लेकिन कार्य रूप मे वह घोषणा पूर्ण नहीं हुई तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कम से कम दो बार सार्वजनिक मंच की भीड़ भरी सभा मे भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने का वायदा व घोषणा किया लेकिन उस घोषणा पर वे भी अमल नहीं कर पाये भाटापारा जिला के लिये विधि विधायी मंत्री तत्कालीन मोहम्मद अकबर एवं तत्कालीन उप मुख्यमंत्री त्रिभुवन सिंग सिंहदेव ने भी अलग अलग सभा मे भाटापारा जिले का निर्माण किये जाने की घोषणा की थी लेकिन वह भी हवा हवाई घोषणा साबित हुई इस बीच तत्कालीन गृहमंत्री स्व. नंदकुमार पटेल ने तो साफसाफकह दिया था कि प्रदेश मे 28 वां जिला भाटापारा होगा लेकिन उनकी घोषणा पर अमल नहीं हो पाया दुर्भाग्य से नंदकुमार पटेल की नक्सली हमले मे मौत हो गई जिससे भाटापारा जिला का पक्षधर एक शक्तिशाली नेता जो भाटापारा हितों की रक्षा के लिये तत्पर था वह चला गया। कालांतर मे उनके पुत्र उमेश पटेल जिला के प्रभारी मंत्री रहे लेकिन उन्होने भाटापारा जिला के लिये कोई उचित पहल नहीं किया इस तरह नेताओं के घोषणा के बीच आज तक भाटापारा स्वतंत्र जिले का सपना साकार नहीं हो पाया है जिससे लोगों मे आक्रोश व्याप्त है। भाजपा के अनेक कददावर नेताओं ने भी भाटापारा को जिला बनाने का ऐलान समय समय पर किया है लेकिन 2024 के प्रारंभ होते तक भाटापारा जिला नहीं बन पाया है उसके सामने छोटे छोटे कस्बे व नगर जिला का रूप लेकर विकास की दौड़ मे आगे चल रहे है लेकिन भाटापारा को उसका वास्तविक हक आज तक नहीं मिल पाया है।

## दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंद राम साहू को कलेक्टर ने किया निलंबित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** षडयंत्र पूर्वक जमीनों की हेराफेरी करने के आरोप में बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंद राम साहू को कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित किया है। आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण श्री पदुमनलाल साहू पिता चौतूराम साहू निवासी ग्राम दशरमा एवं 01 अन्य द्वारा तत्कालीन पटवारी श्री नंदराम साहू, प.ह.नं. 18, दशरमा के साथ षड्यंत्र पूर्वक ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं.47ध, 47ध रकबा 0.021 हेक्टेयर, जो लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास रोड हेतु अधिग्रहित किया गया था। उसका बिक्री नकल जारी कर आवेदक को विक्रय कर दिया गया है।

उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार से कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार द्वारा जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्य प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूद्ध है। अत: छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 के प्रावधानानुसार तत्कालीन पटवारी हल्का नं.-18, दशरमा श्री नंदराम साहू, वर्तमान पटवारी ह.नं-04, रसेड़ा तहसील बलौदाबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार।** विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा, वृद्धजनों, नि:शक्तजनो, रोगियों आदि की बाधा एवं लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम- 1985 की धारा 04 एवं धारा 05 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला बलौदाबाजार- भाटापारा की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है।माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन कमांक 72ध98 (सी) ऑफ 1998 एवं सिविल अपील कमांक 3735 ऑफ2005 में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु दिये गये निर्देश तथा छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पत्र कमांक एफ 04-07-2015-32 दिनांक 28. दिसंबर 2015 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोंड हॉर्न, प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ डी.जे. के विरूद्ध जप्तीकरण की कार्यवाही किये जाने तथा सम्यक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाने हेतु निम्नांकित अधिकारियों का दल गठित किया जाता है- जिसमें संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी,संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी,संबंधित थाना प्रभारी, संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी,नगरीय निकाय शामिल होंगे। गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) (संशोधित) नियम, 2010 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा कृत कार्यवाही से प्रतिसप्ताह अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

## पंचम यादव दीवान हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न



**भाटापारा।** शहर मे स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम की स्कूल पंचम यादव दीवान हायर सेकेण्डरी स्कूल का वार्षिकोत्सव राजेश छाबड़िया के मुख्य आतिथ्य मे मनाया गया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षु डीएसपी सुशांता लकड़ा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम मे छात्राओं ने विभिन्न गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसे दर्शको ने खूब सराहा। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव, केशवराम वर्मा, नारायण निर्मलकर, एसके यादव, दीक्षा निर्मलकर, हेमलता वर्मा, वैभव केशरवानी, मनीष देवांगन, खुशबू ठाकुर, रेखा पाल, टी वर्मा, प्रियंका ठाकुर, मंजू वर्मा, सुमित वर्मा, ज्योति डे, दीपाली सिंघानिया, लाकेश्वर व मुकेश देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय मतदाता दिवस संपन्न

**भाटापारा।** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तरीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मोपका महाविद्यालय की छात्रा पायल साहू ने रंगोली प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। उक्त छात्रा को जिला कलेक्टर द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कालेज के प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सैनी के द्वारा छात्रा को 1100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया। उपरोक्त अवसर पर घनश्याम बंजारे, राजाराम ध्रुर्वे, एनके ध्रुव, नेहा केरकेटटा, प्रियंका पाटले, तृप्ति साव, आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, दिगंबर कश्यप, अमित कुमार व थानेश्वरी केंवट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेने फील्ड में पहुंचे कृषि संचालक



**बलौदाबाजार।** संचालक कृषि श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा आज जिला बलौदाबाजार भाटापारा का भ्रमण कर कृषि एवं भूमि संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं का निरीक्षण किया गया। भूमि संरक्षण अन्तर्गत ग्राम पंचायत गाढ़ाकुसमी में लघुत्तम सिंचाई तालाब(पूर्ण) एवं ग्राम पंचायत तेलासी में प्रगतिरत लघुत्तम सिंचाई तालाब का निरीक्षण किया गया एवं लाभान्वित कृषकों से चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उन्होंनेविकासखंड पलारी के ग्राम लटेरा,भवानीपुर एवं कौवाडीह में किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत नलकूप खनन ,बीज ग्राम योजना अन्तर्गत वितरित गेहूं बीज फसल (कतार बोनी), द्वि फसली क्षेत्र विस्तार एवं धान के बदले दलहन तिलहन योजना अन्तर्गत आयोजित फसल प्रदर्शन का अवलोकन किया गया एवं कृषकों से चर्चा किया गया। इसी तरह ग्राम अमेरा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत आयोजित शिविर में किसानों से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में चर्चा की गई। पश्चात ग्राम गुढेलिया, विकासखंड भाटापारा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय एवं संधारित पंजी का अवलोकन किया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि शदीपक कुमार नायक, संचालनालीय सहायक संचालक कृषि गोविन्द गिलहरे,सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एन के भारद्वाज,अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयेंद्र कंवर,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जी एन तारम, अवधेश उपाध्याय, भागीरथ प्रजापति, कृषि विकास अधिकारी सूचीन वर्मा,बी पी जावरिया, एल एन दीवान,शक्ति कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# भाटापारा में रक्सौल एक्सप्रेस का स्टापेज देने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेल यात्रियो की मांग को ध्यान रझते हुये रेल्वे के द्वारा सिकंदराबाद रक्सौल के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल तक किया गया है। वही प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद रक्सौल स्पेशल के परिचालन में विस्तार 30 मार्च 2024 किया गया। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल, 2024 तक किया गया। रेल्वे के द्वारा लगातार अन्य क्षेत्रों में रेल यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही है लेकिन भाटापारा के रेल यात्रियों को यात्री ट्रेनों का ठहराव पिछले 5 साल से नही मिल पा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन भी भाटापारा स्टेशन से धड़धड़ाते हुये निकल जायेगी। जबकि यहां से हैदराबाद के लिये काफी लंबे समय से सीधी ट्रेन की मांग की जा रही है लेकिन दुर्भाग्य की बात है की अंचल के रेल यात्रियों की मांग रेल मंत्रालय तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों ने रुचि नहीं दिखाई जिसका परिणाम यह है कि जिले के एक मात्र सबसे बड़े रेलवे स्टेशन में नियमित रूप से चलने वाली 48 ट्रेनों का स्टॉपेज नही है,वही वर्तमान लोकसभा कार्यकाल में एक भी यात्री ट्रेन भाटापारा को नही मिली।

# मोती गार्डन में आपरेशन मजनूं चलाये जाने की जरूरत

**भाटापारा।** शहर के मध्य मे स्थित नगर का एक मात्र मोती गार्डन इन दिनो असामाजिक तत्वों का अडडा बन गया है गार्डन मे प्रातरू व शाम को युवतियों व महिलाओं का बडी संख्या मे आना जाना होता है जहां वे गार्डन की हरियाली के हिसाब से कुछ क्षण व्यतीत करने पहुचते है वहीं इन दिनो उक्त गार्डन मे लगातार असामाजिक तत्व व मजनू छाप टपोरी किस्म के लोग लगातार गार्डन मे प्रवेश कर वहां के माहौल को खराब कर रहे है मजनूं छाप युवक जहां युवतियो व महिलाओं को अश्लील प्रतिक्रिया देते है वहीं छेडछाड से भी बाज नहीं आ रहे है जिससे मोती गार्डन का माहौल खराब हो रहा है लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग करते हुये कहा है कि मोती गार्डन मे अतिशीघ्र आपरेशन मजनू चलाकर असामाजिक तत्वों की शीघ्र ही धरपकड की जाये ताकि गार्डन का माहौल स्वच्छ हो सके पिछले कुछ समय से पड रहीं गर्मी के बाद शाम को गार्डन पहुचने वालो की संख्या लगातार बढ रहीं है बढती भीड मे असामाजिक व अवांछनीय तत्व सक्रिय है जो युवतियो व महिलाओं से छेडछाड की घटना को अंजाम दे रहे है लज्जा व संकोचवश महिलाएं आगे नहीं आ पा रहीं है जिससे असामाजिक तत्वो के हौसले बुलंद है जिस पर पुलिसिया नियंत्रण व कार्यवाही जरूरी है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस भवन में गांधी जी की पुण्य तिथि मनाई गई



**भाटापारा।** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस भवन मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे विधायक इन्द्र साव, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, राजकुमार शर्मा, विनोद अग्रवाल, आलोक मिश्रा, मुकेश साहू, महेन्द्र साहू, राधेश्याम शर्मा फग्गा, त्रिलोक सलूजा, अययुब बांठिया, ठाकुर ईश्वर सिंग, नेम तिवारी, दासन बंजारे, राजेन्द्र वर्मा, लक्ष्मी पांडे, नवीन बख्श, दीपक निर्मलकर, गोपाल शर्मा व प्रवीण चावड़ा सहित बडी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद थे।

### महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, आनंद मेला सहित अन्य कार्यक्रमो मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, राजन तिवारी, सुशीला साहू, दीपक यादव, विकास गुलहरे, उमाकांत मिश्रा, अनिता सरीन, आनंद मिंज, जितेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, प्रीति सोनी, मनीष सरवैया, रेखा कश्यप, घृतंभरा चौहान, रोहन अग्रवाल, सुमित पंत, दिपिका त्रिपाठी, इंद्राणी मरकाम, लिलेश्वर साहू, शकुन, करण, प्रशांत, किशन, उषा ध्रुव, अर्जुन, अंबा ध्रुव, सीमा, झरना के अलावा अभिनेता मनोज राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे।

### भागवत महापुराण कथा का आयोजन

भाटापारा। स्थानीय हथनीपारा कटारे भवन स्टेट बैंक के पीछे आगामी 5 फरवरी से संगीतमय भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्व. माधव लाल साव क स्मृति मे किया गया है। कथा वाचक रामकृष्ण शास्त्री व परायणकर्ता बलराम तिवारी होंगे। कथा आयोजक लक्ष्मी मीरा साहू व रामबाई साहू परिवार ने उपरोक्त कथा मे श्रद्धालु भक्तों से उपस्थिति की अपील की है। कथा के दौरान प्रतिदिन वृंदावन धाम से आये रासलीला की नृत्य झांकी प्रस्तुत की जायेगी। उक्त रास लीला सूरज, कृष्णदास द्वारा अभिनीत किया जायेगा।

### केन्द्रीय बजट पूरी तरह निराशा जनक व छलावा - सुशील शर्मा



**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशा जनक बताते हुये इसे जुमला करार दिया है। शर्मा ने उक्त बजट को झूठा हसीन सपने दिखाने वाला बजट बताया है। उन्होने आगे कहा है कि इस बजट से आम नागरिकों को कोई राहत नहीं मिलने वाला है और न हीं कोई भला होने वाला है उक्त बजट से किसान हताश व निराश है साथ हीं बजट मे नौजवानो, बेरोजगारो, मजदूर, विद्यार्थियों व महिलाओं सहित गृहणियों के लिये कोई भी राहत भरे कदम नहीं उठाये गये है जिससे यह प्रतीत होता है कि सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट अर्थव्यवस्था को गर्त मे धकेलने वाला बजट है। शर्मा ने केन्द्रीय अंतरिम बजट को लोकसभा चुनाव के पूर्व एक प्रलोभन व सब्जबाग दिखाने वाला छलावा बजट बताया है।

# तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनायें बढी, हजारों हैवी वाहन शहर होकर आवाजाही कर रहे हैं जनहित में बाईपास मार्ग व सड़क एवं डिवाईडर पर संकेतक बोर्ड जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। क्षेत्र मे सघन औद्योगिकीकरण के कारण सड़क यातायात पर भारी वाहनो का दबाव बढ गया है जिससे सड़क मार्ग मे यातायात जाम जैसी स्थिति निरंतर बन रहीं है वहीं तेज रफ्तार वाहनो पर कंट्रोल नहीं होने से सड़क हादसे लगातार बढ रहे है।





भाटापारा के चारो दिशाओं से प्रतिदिन हजारो की संख्या मे हैवी वाहन शहर के भीतर से आ जा रहे है फ्लस्वरूप सड़क मे यातायात जाम की स्थिति लगातार उत्पन्न हो रहीं है वहीं तेज रफ्तार वाहनो के कारण शहर एवं शहर सीमा पर दुर्घटनायें निरंतर हो रहीं है। भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर शुक्रवार अल सुबह बिलासपुर से भाटापारा की ओर आ रहीं तेज रफ्तार एक हैवी वाहन के शहर से तीन किलोमीटर पहले दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सूत्रों ने दी है जिसमे एक दुपहिया वाहन चालक के हैवी वाहन के सामने आ जाने से दुपहिया वाहन चालक को बचाने के फेर मे हैवी वाहन एक गोदाम की ओर जा धंसा जिसमे गोदाम के कुछ हिस्से को क्षति पहुंचा है वहीं गुरूवार रात्रि को नांदघाट भाटापारा मार्ग पर एक तेज रफ्तार चौपहिया कार के चालक अपनी रफ्तार पर कंट्रोल नहीं कर सका फ्लस्वरूप कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। इस तरह भाटापारा बिलासपुर मार्ग एवं भाटापारा नांदघाट रायपुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनो के कारण आये दिन सड़क पर लगातार दुर्घटनायें हो रहीं है जिससे व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। यह विदित रहे कि उक्त दोनो मार्गो मे अनेक स्कूल कालेज व आईटीआई सहित अन्य संस्थान है जिससे छात्र-छात्राओं के साथ साथ नन्हे मुन्हे स्कूली बच्चो के सुरक्षा पर हमेशा भारी वाहनों का रफ्तार खतरा बनकर मंड़रा रहा है इसके अलावा रात्रि मे भाटापारा नांदघाट मार्ग एवं भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर अंधेरे का साम्राज्य होने से वहां पर तेज रफ्तार वाहन चालको को कुछ स्थानो पर डिवाईडर नजर नहीं आता जिसके चलते आये दिन डिवाईडर से गाडी टकराने की घटना हो रहीं है। जन सामान्य की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त दोनो मार्गो के प्रमुख स्थलों पर तथा डिवाईडर पर रेडियम युक्त संकेत बोर्ड लगाये जाने की जरूरत है वहीं शहरी सीमा मे सभी वाहनो की गति को नियंत्रित करने के लिये भी संकेत बोर्ड लगाने की मांग लोगों ने की है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता एवं कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद की बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में नई सरकार गठन के पश्चात आज जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद की बैठक सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिसमें लम्बे विचार-विमर्श के बाद पूर्व के अप्रांरभ कार्यो को निरस्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लगभग 58 करोड़ की कार्य-योजना का अनुमोदन किया गया है। जिसमें 2023-24 के कार्य योजना अन्तर्गत प्राथमिक सेक्टर में 34 करोड़ 80 लाख रूपये एवं अन्य सेक्टर के लिए 23 करोड़ 20 लाख रूपये के कार्य शामिल है। इसके साथ ही जिले में तेज गति से विकास हो इसके लिए सभी सदस्यों ने बड़ी सकारात्मक पहल करते हुए खनन प्रभावित गावों की संख्या 76 से बढ़ाकर 197 कर दिया गया है। उक्त बैठक में विधायक भाटापारा इंद्र साव,कसडोल विधायक संदीप साहू,बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,सदस्य अजय राव,संकेत अग्रवाल,चित्ररेखा साहू,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा,जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित अन्य समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डीएमएफ का ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी सरकार एक नई सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ की राशि का उचित उपयोग करेगी जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां समय सीमा भीतर गुणवत्ता युक्त कार्य करे। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं स्वीकार की जाएंगी। श्री वर्मा ने निर्माण कार्यों से ज्यादा प्राथमिकता सेवा संसबंधी कार्यों को दिए गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, टेक्निशियन के रिक्त पदों पर डीएमएफ के मद से पूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए सरकार से नियमित रूप से बजट नहीं मिल पाती है, उनके लिए गैप फिलिंग के तौर पर काम लिया जाएगें। इसके अतरिक्त अन्य कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में पदेन अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं सदस्य सचिव श्री चंदन कुमार ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नियमों की प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध कुल राशि के 60 प्रतिशत काम उच्च प्राथमिकता के और 40 प्रतिशत काम अन्य प्राथमिकता के कामों में खर्च किए जाएंगे। पदेन सचिव जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि उच्च प्राथमिकता के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण,स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य गतिविधियां,महिला एवं बाल विकास,वृद्ध एवं नि:शक्तजन कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार,स्वच्छता, जनकल्याण के काम, सतत जीविकोपार्जन और इन कामों को संपादित करने के लिए मानस संसाधन की आपूर्ति शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता के अंतर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई,ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन,सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण,युवा गतिविधियों को बढ़ावा, ग्राम सभा के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण,राज्य शासन की योजनाओं कार्यक्रम पूर्ति के लिए शामिल हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर बीसी एक्का,डीएमएफ सहायक विकास अधिकारी विजय बंजारे,दिले राम खुटे, एकाउंटेट शेखर सोनी सहित डीएमएफके अधिकारी कर्मचारी के गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में नि: शुल्क सिकलिंग जांच संपन्न



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे गत दिनो नि:शुल्क सिकल सेल जांच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्रभारी प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा साहू व यामिनी साहू, सुबी कुर्रे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे सिकलिंग बिमारी के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम मे प्राध्यपकों व छात्र-छात्राओं ने सैकड़ो की संख्या मे सिकलिंग जांच कराई। उक्त अवसर पर शशि किरण कुजूर, रोहन अग्रवाल, दीपिका त्रिपाठी, दीपक यादव, सुनीत पंत, राजन तिवारी, मनीष सरवैया व अशोक वर्मा सहित कालेज स्टाफके लोग मौजूद थे।

### शिक्षिका मेघा वर्मा सम्मानित



**भाटापारा।** राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा सम्मान से शहर की शिक्षिका मेघा वर्मा को सम्मानित किया गया है उनको यह सम्मान बच्चों की पढाई मे दिलचस्पी पैदा करने के तौर तरीके जिसमे बिल्लस, अंताक्षरी व रंगो की खेल आदि के जरिये बच्चों को ज्ञान देने के परिपेक्ष्य मे दिया गया है। मेघा वर्मा पढाई के दौरान खेल खेल मे बच्चों को ज्ञान देने के लिये प्रोत्साहित करती है साथ हीं कहानी कविता व गीत के माध्यम से भी वे शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहीं है। वर्तमान मे वे प्राथमिक शाला टिकुलिया मे सहायक शिक्षक के रूप मे पदस्थ है शिक्षिका वर्मा को इसके पहले भी शिक्षादूत का पुरस्कार टंकराम वर्मा द्वारा दिया जा चुका है। शिक्षिका को सम्मानित किये जाने पर बीईओ रामजी पाल व प्रधान पाठक यशवंत राजपूत ने बधाई दी है।

### कमल नारायण यदु का हुआ सम्मान



**भाटापारा।** छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव डीपी मनहर एवं रतनलाल कवर्थ ने पेंशनरों के पेशन संबंधी मामलो को अच्छे ढंग से निपटाने एवं संघ के प्रति उनके कार्य निष्ठा को देखते हुये कमल नारायण यदू को सम्मानित किया है। कमल नारायण यदू के सम्मानित होने पर रघुनाथ पटेल, दिलीप बिसेन, नारायण यादव, राधाचरण शुक्ला, प्रकाश तिवारी, शिवकुमार वर्मा, गिरधारी वर्मा, चंन्द्रभान गुप्ता, रमेश वर्मा, दलसिंग ठाकुर, विकास शिखर, एसएन यदू, किशन यादव, राजाराम यादव, प्रकाश यादव, मनटोरा यदू तथा गायत्री कुर्रे, नारायण साहू व परेटन लाल साहू सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से

# महतारी वंदन योजना ,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं धान खरीदी के भौतिक सत्यापन के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर की बैठक ली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं धान खरीदी के भौतिक सत्यापन के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए हितग्राहियों की सुविधा का ध्यान रखने की जरूरत है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं तक पहुंचकर फर्म भरवाने की व्यवस्था कराना होगा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में



जानकारी दें, ताकि हितग्राही पात्रता के अनुरूप लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र महिला नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन पहले 15 दिनों में इस कार्य में गति लाना है। उन्होंने तीव्र गति से फर्म भराने के निर्देश दिए तथा शिविर के आयोजन के साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए एक कंट्रोल रूम बनाने के लिए कहा। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए हितग्रहियों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में पोर्टल में हितग्राहियों का फर्म भराने तथा ऑनलाईन सत्यापन कराने के लिए कहा। उन्होंने लघु खनिज के लिए परिवेश पोर्टल में आवेदन अपलोड करने तथा पर्यावरण संबंधी अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजनांतर्गत लघु उद्यम को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिन सभी कलेक्टर धान खरीदी का भौतिक सत्यापन जरूर कराएं। कलेक्टर चंदन कुमार ने महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगीं। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1 हजार रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1 हजार रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर हितग्राहियों का चिन्हांकन करें। इसके बाद शिविर लगाकर फर्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूह की महिलाओं को इस कार्य में शामिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिन भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के चिन्हांकन के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन पंजीयन लिए जाएंगे। 20 फरवरी तक आवेदन किया जा सकेगा। राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक श्री लकड़ा,महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अधिकारी आदित्य शर्मा,जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई



**भाटापारा।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की पहल से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के मार्गदर्शन में स्थानीय सी एम एच ओ सभाकक्ष में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त, वन, पंचायत, पशुचिकित्सा ,मितानिन कार्यक्रम, बिजली विभाग,भूमि रेकॉर्ड,सीमेंट प्लांट तथा जपायगो के प्रतिनिधि एवं सरपंच भी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र से श्रीमती पुनीता कुमार ने अपनी बात रखी। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है जो वन विनाश,जीवाश्म ईंधन,उद्योगों के प्रदूषण जैसे कारणों से हो रहा है, जिसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी दोनों ही स्तरों पर आम जनजीवन में दुष्परिणामों के रूप में दिखाई पड़ रहा है इससे न केवल मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है बल्कि कृषि,हवा,मृदा, जल पर भी हानिकारक परिणाम उभर रहे हैं। हाल के वर्षों में वर्षा और मौसम के पैटर्न में बदलाव ,फसल में कमी ,जानवरों के व्यवहार में परिवर्तन,आकाशीय बिजली ,सर्प दंश आदि में वृद्धि देखी जा रही है जिसके पीछे कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार माना जा सकता है इस प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए अलग-अलग विभागों व क्षेत्र से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता को देखते हुए जिला टास्क फोर्स की इस बैठक में कार्ययोजना बनाये जाने पर चर्चा की गई राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार इस बैठक के बाद विभिन्न विभागों द्वारा जलवायु परिवर्तन से उनके क्षेत्र में होने वाले प्रभाव की पहचान कर उसमें स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

## 14 से 25 फरवरी 2024 तक माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित

**बलौदाबाजार।** कबीर नगर दामाखेड़ा में 14 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु इस मौके पर जुटते हैं। आज कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी अधिकारियों की बैठक कर प्रारंभिक तैयारी करने के निर्देश दिए है। उन्होने सभी संबधित अधिकारियों शत प्रतिशत तैयारी मेले प्रारंभ करने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा गया है। ताकि समय सीमा के पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर लेवे। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि पवित्र दामाखेड़ा की महिमा के अनुरूप तमाम प्रशासनिक तैयारियां की जाएगी। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित



व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। मेला के दौरान निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रांसफर्मर के साथ जनरेटर का इंतजाम भी रखे रहने को कहा गया है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। भाटापारा और बलौदाबाजार से एम्बुलेंस और संजीवनी एक्सप्रेस वाहन मुस्तैद रहेंगे।

## भाटापारा में फिर से सिर उठा रहे हैं अवैध कब्जा करने वाले

**भाटापारा।** शहर मे अवैध कब्जा हटाओं मुहिम के शांत होने के बाद एक बार फिर प्रमुख स्थलों पर अवैध कब्जा करने का सिलसिला पुनरू प्रारंभ हो गया है जिससे प्रशासन द्वारा की गई पिछली कार्यवाही पर भी सवालिया निशान उठने लगे है। रेल्वे स्टेशन से लेकर विश्रामगृह, सुभाष बाजार होते हुये तरेंगा नाका तक जाने वाली मुख्य मार्ग के दोनो ओर अवैध कब्जे पुनरू सजने लगे है जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है वहीं कृष उपज मंडी से लेकर सरकारी हास्पिटल तक आने वाली प्रमुख सड़को के दोनो छोर पर बडे पैमाने पर पक्के अवैध निर्माण कार्य तेज गति से हो रहे है इसी प्रकार भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर कालेज गेट से लेकर खोलवा, देवरी मार्ग के दोनो छोर पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे हो रहे है। रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे भी बडी तादाद मे लोग अवैध कब्जे करने जुटे हुये है। नगर मे सर्वाधिक अवैध कब्जे टेंहका भांठा पंचशील नगर मे हो रहा है जहां पर प्रशासन की बिना अनुमति के रोजाना 10 से 12 मकान बन रहे है इसी प्रकार भाटापारा शाखा नहर के किनारे भी लिंक रोड़ बाईपास मार्ग पर अवैध कब्जे धडल्ले से हो रहे है। भाटापारा के लिये प्रस्तावित नई कृषि उपज मंडी वाले क्षेत्र सेमरिया, कोड़ापार व मुढीपार क्षेत्र मे भी नई मंडी का कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही बडी तादाद मे लोग अवैध कब्जा कर रहे है जिसमे ज्यादातर गांव व शहर के लोग शामिल है। सिद्ध बाबा, धौराभांठा, टिकुलिया व पेन्ड्री मार्ग मे भी अवैध कब्जे करने वाले पूरी तरह सक्रिय है। प्रशासन को चाहिये कि अवैध कब्जा रोकने शीघ्र हीं कठोर कदम उठाये ताकि फिर से शहर व क्षेत्र की शक्ल सूरत बदसूरत होने से बच सके साथ हीं निर्बाध गति से यातायात व्यवस्थित रूप से चल सके।

# '35वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप हैंडबॉल टूर्नामेंट में भारतीय रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता'

## 'विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की चार महिला खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे महिला हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया'

**बिलासपुर।** 35वीं राष्टीय फेडरेशन कप हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र के सांगली में दिनांक 28 से 31 जनवरी' 2024 तक किया गया था । इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता । भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 04 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया टीम की जीत अहम भूमिका निभाई । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला हैंडबाल खिलाडियों मेंकाजल, निकी, पंकज, टेक्नीशियन, यांत्रिक विभागएवं मीनू, टेक्नीशियन,विद्युत विभाग शामिल हैं ।





भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है इसी का परिणाम है कि आज इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है । इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है ।

भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियोंद्वाराबधाईदीगई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है ।

# संरक्षा के सजग प्रहरियों का महाप्रबंधक द.पू.म. रेलवे द्वारा संरक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया

बिलासपुर। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह की शुरुआत में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है ।




इसी कड़ी में आज दिनांक 05 फरवरी, 2024 को बिलासपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के 02 रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया ।

बिलासपुर रेल मंडल के श्री रनजीत कुमार, मुख्य स्टेशन प्रबन्धक / पेंड्रा रोड और श्री हर प्रसाद मांझी, सहायक यातायात-II /पेंड्रा रोड में कार्यरत थे । दिनांक 02 जनवरी, 2024 को लगभग 17.00 एक माल गाड़ी पेंड्रा रोड स्टेशन के लाइन नं. 2 में पहुची एवं 20.07 बजे स्टेशन से प्रस्थान हुई । इसी दरम्यान पेंड्रा रोड स्टेशन में ड्यूटी पर तैनात मुख्य स्टेशन प्रबंधक और सहायक यातायात-II/ पेंड्रा रोड से गुजरते हुए मालगाड़ी से एक तेज आवाज सुनाई दे रही थी, जिसे सुनकर दोनों आवाज की दिशा में गाड़ी का अवलोकन किया । गाड़ी के अवलोकन के दौरान यह पाया गया कि गाड़ी के ब्रेक वैन से 14वें वैगन का ब्रेक गियर लीवर एवं रॉड स्लीपर से टकरा रहा था । ऐसी स्थिति को देख कर श्री रंजीत कुमार और श्री हर प्रसाद मांझी ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल इसकी सूचना संबधित अधिकारी को दी । माल गाड़ी को स्टार्टर सिग्नल पास रोक कर गाड़ी के हैंगिंग पार्ट को सही तरीके से हटाया गया । अंतत: उस माल गाड़ी को लगभग 20.30 बजे सुरक्षित रूप से पेंड्रा रोड स्टेशन से प्रस्थान किया गया । मुख्य स्टेशन प्रबन्धक एवं सहायक यातायात-II ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया । संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे ।




## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा लॉबी में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन हुआ




**भाटापारा।** विद्युत परिचालन विभाग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेल दुर्घटनाओं को रोकने पारिवारिक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन भाटापारा लॉबी में किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से रनिंग स्टाफको गुणवत्तापूर्ण विश्राम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के लिए टिप्स दिए गए। संगोष्ठी में रनिंग स्टाफ परिवार सहित उपस्थित हुये। वरिष्ठ विद्युत अभियंता बी एन पटेल, सहायक विद्युत अभियंता राजीव सोनी, मुख्य क्रू नियंत्रक सतीश देवांगन, मुख्य स्टेशन मैनेजर अजय कुमार यादव उपस्थित थे। पर्यवेक्षकों ने संरक्षा और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर रनिंग स्टॉफके परिवार के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुये सीधा संवाद किया। दुर्घटना को रोकने परिवार की भूमिका के साथ साथ मेडिटेशन, तनाव निवारण, जनरल अवेयरनेस, रनिंग स्टॉफकी कठिन ड्यूटी के बाद घर पर गुणवत्ता पूर्ण विश्राम, खानपान व स्वस्थ जीवन शैली के निर्वहन के लिए सदस्यों की भागीदारी पर प्रकाश डाला। मंच संचालन मुख्य लोको निरीक्षक भोली चौधरी ने किया।

### शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मोपका में वार्षिकोत्सव संपन्न



**भाटापारा।** शासकीय हायर सेकेण्डरी मोपका मे वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे हायर सेकेण्डरी व पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओ के द्वारा नृत्य, नाटक, कर्मा, ददरिया, पथी गीत व संगीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम मे सरपंच श्रीमती सीमा बंजारे, डी एस नवरगे, रमेश नवरगे, एल एस नेताम, रोहित साहू, केशव साहू, सोमनाथ साहू, सुकदेव साहू, राजकुमार धृतलहरे, प्राचार्य आर एन बया, एमएल ध्रुव, डी एस ठाकुर, श्रीमती गौराहा, दिव्या तिवारी, मानिकपुरी, दिनेश वर्मा, मनोज यादव व धर्मेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in